संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

29 सितंबर 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 09, अंक - 11

Email-santalexpress20@gmail.com

"मुस्कुराना आदत बना लो, परेशानियां खुद परेशान हो जाएंगी।

महंगाई की मार : रोजमर्रा के सामानों की बिक्री 68 प्रतिशत घटी

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत का एफएमसीजी बाजार इस समय एक बड़े संकट से गुजर रहा है। रोजमर्रा के सामानों की बिक्री में ऐसी सुस्ती आई है जिसने बड़ी-बड़ी कंपनियों की नींद उड़ा दी है। नीलसन आईक्यू की क्यू2 2026 रिपोर्ट के आंकड़े काफी डराने वाले हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल से जून की तिमाही में एफएमसीजी सेक्टर को तीन बड़े झटके लगे हैं। पहला झटका बढ़ती लागत का है, दूसरा लोगों की आवाजाही में कमी का है, जबकि तीसरा झटका ग्रामीण इलाकों की घटती आय से जुड़ा है। इन वजहों से बाजार में एक बड़ी मंदी छा गई है। हालात ऐसे हैं कि एफएमसीजी बास्केट के 68 फीसदी कैटेगिरी में बिक्री घट चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दूसरी तिमाही में एफएमसीजी की कुल बिक्री (वॉल्यूम) में सालाना आधार पर 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। मूल्य के हिसाब से भी ग्रोथ महज 0.8

फीसदी तक सीमित रह गई। बाजार में कीमतें 2.8 फीसदी बढ़ी हैं। ये आंकड़े साफ बताते हैं कि आम ग्राहक महंगाई के कारण अपनी जरूरत का सामान भी बहुत सोच-समझकर खरीद रहा है।

इस पूरी मंदी का सबसे बुरा असर ग्रामीण भारत पर पड़ा है। गांवों में एफएमसीजी की बिक्री में 5 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है। वहीं शहरों में बिक्री लगभग स्थिर (0.1 फीसदी) रही है। जून महीने में थोक महंगाई दर 9.9 फीसदी पहुंच गई, जबकि खुदरा महंगाई 4.4 फीसदी रही। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने से माल ढुलाई से लेकर पैकेजिंग तक का खर्च बढ़ गया है। गांवों में इस मंदी की असली वजह खेती-किसानी से जुड़ी है। जून में बारिश 40 फीसदी कम हुई। इससे फसलों की बुवाई में देरी हुई। इसके अलावा ग्रामीण बेरोजगारी 5.1 फीसदी तक पहुंच गई। श्रम बल भागीदारी दर में भी 0.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ा है। देश के सात राज्यों यूपी, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा बिक्री घटी है। कुल गिरावट का 86 फीसदी हिस्सा इन्हीं सात राज्यों से आया है। इस मंदी के बीच एक बड़ा बदलाव ग्राहकों की खरीदारी के पैटर्न में भी देखने को मिला है। देश में अब भी 82 फीसदी सामान पारंपरिक किराना दुकानों से बिकता है। लेकिन इस तिमाही में इन दुकानों की बिक्री में 6 फीसदी की कमी आई है। इसके उलट आधुनिक व्यापार (मॉडर्न ट्रेड) यानी बड़े सुपरमार्केट में 17.5 फीसदी की शानदार ग्रोथ देखी गई है। ऑनलाइन खरीदारी का बाजार और भी तेजी से बढ़ रहा है। ई-कॉमर्स सेक्टर में बिक्री के लिहाज से 34.8 फीसदी का उछाल आया है। टियर-2, टियर-3 शहरों में ई-कॉमर्स बड़े महानगरों की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ रहा है। महानगरों में अब क्विक कॉमर्स (10 मिनट डिलीवरी) का दबदबा कायम हो चुका है।

एसआईआर पर घमासान : ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस का देशभर में प्रदर्शन

आगरा में सीईसी के घर पर कालिख पोती, राजस्थान में पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

●भोपाल में बैरिकेडिंग पर भिड़े कार्यकर्ता, वाटर कैनन चला पुलिस ने नेताओं को हिरासत में लिया

एजेंसी

नई दिल्ली/भोपाल/रायपुर। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर इन दिनों देश की सियासत गरमाई हुई है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार और चुनाव आयोग पर हमलावर है। कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में चौतरफा दबाव बनाने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, दिल्ली, केरल समेत देशभर में सोमवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वोट चोरों को जेल भेजा जाए और बैलेट पेपर से आगामी चुनाव कराए जाएं।

मध्य प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय का घेराव करने निकले। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर भी चढ़ गए। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की। पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने ज्ञानेश कुमार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उन्हें फांसी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर

ईवीएम से चुनाव हुए तो वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मुखौटा पहने और जंजीरों में जकड़े एक कार्यकर्ता को जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जंजीरों से पकड़े नजर आए। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पहले शहीद स्मारक पर सभा हुई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए कूच किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया तो हल्की झड़प हो गई। पुलिस ने गहलोत-डोटासरा-जूली समेत सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन चलाई। इसके बाद सभी नेताओं को वैन में बैठाकर विद्याधर नगर थाने ले जाया गया।

भाजपा सांसद, राष्ट्रीय मंत्री, यूपी के सह प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा का इंटरव्यू पेज 8 पर देखें..

संक्षिप्त खबरें

अमन साव एनकाउंटर केस मामले की सुनवाई 27 को

रांची । एनकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमन साव के मामले में कोर्ट के स्वत:-संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।मामले में राज्य सरकार की इस केस से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के कुछ जजमेंट को कोर्ट में दाखिल किया गया। जिसपर कोर्ट में हस्तक्षेपकर्ता (अमन की मां) के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार को इन जजमेंट का अध्ययन और वेरीफिकेशन करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले के लिए सुनवाई 27 अक्टूबर निर्धारित की।पूर्व की सुनवाई में सरकार ने सीलबंद रूप से सीआईडी की केस डायरी कोर्ट को सौंपी थी।

चुनाव आयोग 4 महीने में टीएमसी का विवाद सुलझाए : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर विवाद जारी है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों तृणमूल गुटों को चुनाव आयोग के सामने कार्रवाई में पक्ष रखने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद चुनाव आयोग को भी 4 महीने के भीतर इस मुद्दे पर फैसला करने के लिए कहा है।

यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण सिंह और तोमर को नोटिस जारी

नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को नोटिस जारी किया। इस मामले में बृजभूषण को बरी किए जाने के फैसले को महिला पहलवानों ने चुनौती दी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विजय सिंह ने सोमवार को चार महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सेशन कोर्ट ने बृजभूषण के साथ डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को भी नोटिस भेजा।

रांची में 2029 तक आईटी पार्क शुरू करने की तैयारी, पहले चरण में 20 हजार रोजगार का लक्ष्य

मुख्यमंत्री से आरएमजे इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रेसिडेंट दीपक छाबड़िया की मुलाकात

संवाददाता

रांची । कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आरएमजे इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रेसिडेंट दीपक छाबड़िया ने मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में अत्याधुनिक आईटी पार्क विकसित करने, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने तथा तकनीकी एवं औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग, न्यूक्लियर एनर्जी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर विचार किया गया। प्रस्तावित योजना के तहत वर्ष 2029 तक रांची में आईटी पार्क शुरू करने की दिशा में काम किया जाएगा। इसके पहले चरण में करीब 20 हजार रोजगार के अवसर सृजित करने और अगले तीन वर्षों में इसकी क्षमता बढ़ाकर लगभग 75 हजार रोजगार अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इससे राज्य के स्थानीय और प्रतिभाशाली युवाओं को तकनीकी तथा उच्च-कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर मिलने की संभावना है। प्रस्तावित आईटी पार्क के लिए आईआईएम रांची, नए विधानसभा परिसर और उच्च न्यायालय परिसर के निकट उपलब्ध करीब 100 एकड़ भूमि को संभावित स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। पार्क में आधुनिक कार्यालय, डिजिटल अधोसंरचना और वैश्विक स्तर की तकनीकी कंपनियों एवं संस्थानों के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित करने की परिकल्पना है। इसका उद्देश्य रांची को आईटी, इनोवेशन और हाई स्किल्ड एम्प्लॉयमेंट के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है।

बैठक में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर भी विशेष चर्चा हुई। जीसीसी के माध्यम से वैश्विक कंपनियों के लिए आईटी और एआई सेवाओं, डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग, न्यूक्लियर एनर्जी तथा अन्य उच्च-कौशल वाले कार्य झारखंड से संचालित किए जा सकते हैं। इससे राज्य में निजी निवेश, तकनीकी रोजगार और उच्च-कौशल वाली नौकरियों के अवसरों के विस्तार को गति मिलने की संभावना है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड को भविष्य की तकनीकों और नई औद्योगिक संभावनाओं से जोड़ते हुए मजबूत एवं आधुनिक आईटी तथा तकनीकी इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

निवेश आकर्षित करने के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और उच्च-कौशल आधारित अवसरों का सृजन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

दुमका डीसी ने 100 प्राचार्यों का वेतन रोका

मिड-डे मील की जांच के लिए बच्चों संग भोजन करेंगे अधिकारी

संवाददाता

दुमका। जिले की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने और विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और अधिकारियों पर गाज गिरी है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों की उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन 100 विद्यालयों के प्राचार्यों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया है, जहां छात्रों की उपस्थिति 25 प्रतिशत से भी कम पाई गई है। इसके साथ ही, बुनियादी दक्षताओं को परखने वाली एफएलएन चैंपियनशिप में एक भी छात्र का पंजीकरण नहीं कराने वाले 374 विद्यालयों के प्राचार्यों से भी कड़ा स्पष्टीकरण मांगा गया है।

विद्यालयों में मिलने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने एक जमीनी पहल की है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों, बीईओ और बीपीओ को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे पीएम श्री सहित अन्य विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर मिड-डे मील ग्रहण करें, ताकि भोजन की असल गुणवत्ता और व्यवस्था की हकीकत सामने आ सके। निरीक्षण में कोताही बरतने के आरोप में शिकारीपाड़ा के बीईईओ से जवाब तलब किया गया है, वहीं रेल प्रोजेक्ट में खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को भी चिन्हित कर कार्रवाई के दायरे में लाया गया है।

प्राथमिक स्तर पर नौनिहालों को उनकी ही भाषा में शिक्षा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तकनीकी नवाचार का सहारा लिया है।

दुमका के 44 शिक्षकों को हाईकोर्ट से राहत

रांची । झारखंड हाईकोर्ट ने मैट्रिक/इंटर प्रशिक्षित दुमका के विभिन्न सरकारी स्कूलों के प्राथमिक शिक्षकों से जुड़ी वेतन विसंगति के मामले में आदेश दिया है।हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने दुमका जिले के 44 शिक्षकों की याचिका को निष्पादित कर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को पूर्व में दिए गए फैसले के अनुरूप उन्हें लाभ देने का निर्देश दिया है।प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अभिजीत कुमार सिंह ने पक्ष रखा।याचिकाकर्ताओं ने छठे वेतन पुनरीक्षण के तहत एक जनवरी 2006 से 16,290 रुपये का न्यूनतम एंट्री पे निर्धारित करने और उसके आधार पर वेतन पुनर्निर्धारण और बकाया वेतन समेत अन्य परिणामी लाभ देने की मांग की थी। उनका कहना था कि वे वर्ष 2006 से पहले मैट्रिक/इंटर प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षक के रूप में सेवा में नियुक्त हुए थे।याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मुद्दे पर हाईकोर्ट पहले ही एक मामले (डब्ल्यूपीएस संख्या 5897/2014) और संबद्ध मामलों में 27 नवंबर 2025 को फैसला सुना चुका है। राज्य सरकार की ओर से भी इस बात को स्वीकार किया गया कि वर्तमान मामले का मुद्दा उसी फैसले के समान है।इसके बाद अदालत ने कहा कि वर्तमान मामला पूर्व के फैसले से पूरी तरह आच्छादित है।

सरैयाहाट : बाइक लूटने का विरोध करने पर व्यक्ति को मारी गोली

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

सरैयाहाट। हंसडीहा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह बाइक लूट की कोशिश का विरोध करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। दुमका-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर लकड़ाटांड़ के समीप हरदिया नदी के पास बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति को रोककर बाइक छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने गोली चला दी। गोली व्यक्ति के बाएं पैर में लगी। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल की पहचान लकड़ाटांड़ गांव निवासी शिवलाल हांसदा(55) के रूप में हुई है। बताया गया कि सोमवार सुबह करीब पांच बजे शिवलाल हांसदा बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और बाइक छीनने का प्रयास किया। शिवलाल ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली उनके बाएं पैर में जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर आने लगे। लोगों की आहट और बढ़ती भीड़ को देखते हुए दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास की जानकारी जुटाने के साथ अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

एलपीजी सिलेंडर पर 1 अक्टूबर से सब्सिडी के लिए आधार बायोमेट्रिक जरूरी

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 1 अक्टूबर 2026 से नया नियम लागू होने जा रहा है। अब रियायती कीमत और लागू सब्सिडी के साथ घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण जरूरी होगा। सरकार के मुताबिक, 19 सितंबर तक 27.43 करोड़ यानी करीब 89.9 प्रतिशत सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ता यह प्रक्रिया पूरी कर चुके थे। जिन लोगों का प्रमाणीकरण पहले ही हो चुका है, उन्हें दोबारा कोई प्रक्रिया पूरी करने की जरूरत नहीं होगी।

नए नियम का मतलब यह नहीं है कि आधार सत्यापन नहीं कराने पर गैस सिलेंडर मिलना पूरी तरह बंद हो

जाएगा। जो उपभोक्ता बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण नहीं कराते, वे संबंधित तेल विपणन कंपनी के डिजिटल माध्यमों पर अपनी पसंद दर्ज कराकर बाजार कीमत पर एलपीजी ले सकेंगे। ऐसे उपभोक्ताओं को उपलब्धता के आधार पर 5 या 10 किलोग्राम के सिलेंडर दिए जा सकते हैं, लेकिन सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा।

आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए उपभोक्ता गैस की डिलीवरी के समय डिलीवरी कर्मी की मदद ले सकते हैं। इसके अलावा संबंधित वितरक के शोरूम पर जाकर या तेल कंपनियों के मोबाइल ऐप के जरिए भी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। इंडेन के लिए इंडियनऑयल वन, भारत गैस के लिए हेलो बीपीसीएल और एचपी गैस के लिए एचपी पे ऐप उपलब्ध हैं।

सरकार का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य सब्सिडी को वास्तविक और पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचाना, डुप्लीकेट या अपात्र कनेक्शनों की पहचान करना और घरेलू सब्सिडी वाले सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल को रोकना है। सितंबर 2026 में 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर निहित सब्सिडी करीब 210 रुपये बताई गई है।

पश्चिमी सिंहभूम में सबसे अधिक और पाकुड़ में सबसे कम बारिश

संवाददाता

रांची । झारखंड में इस मानसून सीजन में 1 जून से 28 सितंबर तक 1001.1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। यह सामान्य बारिश से करीब एक प्रतिशत कम है। राज्य में पश्चिमी सिंहभूम में सबसे अधिक और पाकुड़ में सबसे कम बारिश दर्ज की गई है।

पश्चिमी सिंहभूम में सामान्य 993.3 मिलीमीटर के मुकाबले 1476 मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं पाकुड़ में सामान्य 1202.3 मिलीमीटर के मुकाबले महज 584.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा धनबाद में 1105.7, दुमका में 1005.7, पूर्वी सिंहभूम में 1233, जामताड़ा में 1101, खूंटी में 1139.6, लातेहार में 1155.5, लोहरदगा में 1055.7, रामगढ़ में 1040.4, रांची में 1211.6, सरायकेला में 1220.3 और सिमडेगा में 1308.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

राज्य के कई जिलों में बारिश सामान्य से काफी कम रही। देवघर में 709 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 28 प्रतिशत कम है। चतरा में 606.7 मिलीमीटर (35 प्रतिशत कम), गढ़वा में 693.8 मिलीमीटर (23 प्रतिशत कम), गुमला में 780.3 मिलीमीटर (26 प्रतिशत कम), कोडरमा में 695.5 मिलीमीटर (21 प्रतिशत कम), पलामू में 678.4 मिलीमीटर (20 प्रतिशत कम) और साहिबगंज में 758.4 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 36 प्रतिशत कम है।

रांची में 9 अक्टूबर को भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मैच को लेकर प्रशासन अलर्ट, बिना टिकट दर्शकों पर रहेगी नजर

संवाददाता

रांची । जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, धुर्वा में 9 अक्टूबर को होने वाले भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर रांची जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।मैच में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है।जिला समाहरणालय में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्टेडियम और आसपास के इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था, दर्शकों के प्रवेश, यातायात प्रबंधन और भीड़ को नियंत्रित करने की रणनीति पर चर्चा की गई।प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि स्टेडियम के आसपास बिना टिकट वाले लोगों की अनावश्यक भीड़ एकत्र नहीं होने दी जाएगी। खासकर दोपहर 3 बजे से दर्शकों की एंट्री शुरू होने से पहले स्टेडियम के आसपास बिना टिकट दर्शकों के जमावड़े पर नजर रखी जाएगी।दर्शकों को निर्धारित गेट से कतारबद्ध तरीके से प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा जांच के बाद ही स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति होगी। प्रशासन ने क्रिकेट प्रेमियों से अपील की है कि वे समय से पहले स्टेडियम पहुंचे, निर्धारित कतार में लगें और किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को अपने साथ न लाएं।मैच के दौरान रांची में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारी की जा रही है।

संबंधित अधिकारियों को व्यापक ट्रैफिक प्लान तैयार करने और प्रभावी भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।प्रशासन ने शहरवासियों और क्रिकेट प्रेमियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

रेप की घटनाओं पर प्रशासन और पुलिस की जवाबदेही तय करना बहुत जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली और एनसीआर में महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे यौन अपराधों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। पार्क में हुए गैंगरेप और चलती स्लीपर बस में नाबालिग बच्ची से दरिंदगी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद

चंद्रन की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाओं पर गहरी चिंता और पीड़ा जताई।

कोर्ट ने साफ कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ अब बर्दाश्त से बाहर है और इस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन और पुलिस की जवाबदेही तय करना बहुत जरूरी हो गया है। अपने आदेश में बेंच ने दिल्ली के स्वरूप नगर में एक नाबालिग लड़की के गैंगरेप और हत्या का जिक्र किया, जहां पुलिस को एक खेत में पीड़िता की सड़ी-गली बॉडी मिली थी। ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक 47 किलोमीटर के सफर में चलती हुई स्लीपर बस में एक नाबालिग के साथ हुए सेक्सुअल असॉल्ट का उल्लेख करते हुए, जिसे पुलिस रोक नहीं पाई थी, कोर्ट ने कहा कि 'कोई भी 2012 के निर्भया कांड से इसकी दर्दनाक तुलना किए बिना नहीं रह सकता।

गलत इंजेक्शन देने से महिला की मौत का आरोप, हंगामा

संताल एक्सप्रेस हजारीबाग। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 38 साल की मालती देवी की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर-नर्स पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया। इस घटना के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।मालती देवी (जयप्रकाश मार्ग, हजारीबाग) को 27 सितंबर को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत पर बेटी लक्ष्मी कुमारी ने भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि रात में दिए इंजेक्शन के 20 मिनट बाद उनके मुंह से झाग निकलने लगा, तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि इंजेक्शन देते समय डॉक्टर मौजूद नहीं थे और नर्स ने जानकारी नहीं दी।परिजनों का आरोप है कि सुबह अस्पताल में स्टाफ नहीं था और उन्हें प्रिस्क्रिप्शन भी नहीं मिल रहा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से जांच व जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। वे न्याय मांग रहे हैं और पुलिस से शिकायत की तैयारी में हैं। डीएस डॉ राजकिशोर ने बताया कि महिला का इलाज ठीक चल रहा था और इंजेक्शन भी नियमानुसार दिया गया था। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है।

वामपंथी छात्र संगठनों ने भगत सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

रांची। वामपंथी छात्र संगठनों ऑल इंडिया युथ फेडरेशन और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन की ओर से शहीद-ए-आजम भगत सिंह कि 118 वीं जयंती रांची अल्बर्ट एक्का चौक स्थित भाकपा कार्यालय में सोमवार को मनाई गई।मौके पर एआईवाईएफ के प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने कहा कि आज देश के छात्र और युवा शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े अनेक सवालों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में भगत सिंह के विचारों को पढ़ना और समझना बेहद जरूरी है। उनकी विरासत को केवल तस्वीरों, माल्यार्पण और नारों तक सीमित करने के बजाय उनके विचारों को अपने सामाजिक और छात्र आंदोलनों में आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मौके पर महेंद्र वर्मा, गौरव वर्मा, राजेश कुमार, मनोज ठाकुर, अजय चौधरी विजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर कालिख, भाजपा ने दर्ज करायी प्राथमिकी

रांची । रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू पार्क में रविवार रात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के चेहरे पर कालिख पोते जाने और उसे क्षतिग्रस्त करने के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। सोमवार को भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने अरगोड़ा थाना पहुंचकर मामले में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। घटना के बाद भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, रमेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता हरमू पार्क पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा की साफ-सफाई की और माल्यार्पण किया। इसके बाद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुंचा। इसमें नवीन जायसवाल, वरुण साहू सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

पूर्व रेलवे

सं. ओ-एसी-टी-142 खोन 147-26-27 (खुला), माहित 24.09.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिका (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-142-26-27, कामी रेयाक् जुतुमः** फेज 1 आर फेज 2 लागित् खुला ठिका, अण्डाल रे इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव जांच आर जेलजोतोन कामीको लागित् ट्रिप मेन्टेनेंस/एडवांस इंस्पेक्शन सेंटर बेनाव। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 18,21,32,090,04, **बायना पायसाः** रु. 36,42,600/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-143-26-27, कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे 3 स्टेशनको (रानीगंज-01, दुर्गापुर-02 आर मानकर-04) रे 07 लि ट बेबोसताय आर एमान तेयाक् सोंगे कामीको लागित् ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,92,48,617.43, **बायना पायसाः** रु. 5,85,000/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-144-26-27, कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल रेयाक् जुदा-जुदा यार्ड रे प्लंजर लॉक बेस्ड हैंड पॉइंट्स रे हैंड पॉइंट्स बोदोल आर वरिष्ठ डीईएन/3/ आसनसोल रेयाक् खंड रे एईएन/दुर्गापुर तारी रे लाकती जायगा रे डब्ल्यू-बीम क्रैश फेसिंग रापुद आर दोड़हा बाईसाउ आरोय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 44,98,859.07, **बायना पायसाः** रु. 90,000/- **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 06 चान्दो। **क्रम सं. 4. केस सं. ओ-एसी-टी-145-26-27, कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे 4 स्टेशनको (जसीडीह-01, मधुपुर-01, बासुकीनाथ-02 आर चित्तरंजन-01) रे 05 लि ट बाईसाउ लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,08,91,624.41, **बायना पायसाः** रु. 4,17,800/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **क्रम सं. 5, केस सं. ओ-एसी-टी-146-26-27, कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल तारी रे गैंग शेल्टर/शेड रेयाक् प्रावधाव आर गैंग हट सुधार आर मधुपुर आर दुर्गापुर स्टेशन रे नावां इमर्जेंसी मेडिकल रूम बाईसाउ लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूजीः** रु. 1,19,75,864.04, **बायना पायसाः** रु. 2,39,500/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 06 चान्दो। **क्रम सं. 6, केस सं. ओ-एसी-टी-147-26-27, कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल तारी रे जोतो श्रेणिको रेयाक् स्टेशनको रे नापाराको सुबिसताको (जेलेका स्टैंडर्ड रैंप, टैक्टाइल पाथ मेताक्मे स्पर्श पथ, पार्किंग एमान) रेयाक् प्रावधान लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 8,55,44,024.99, **बायना पायसाः** रु. 17,10,900/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 06 चान्दो। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 23.10.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-272/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, गिरफ्तार

धनबाद। सरकारी विभागों में नौकरी और पदोन्नति दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में सदर थाना की पुलिस ने बैंक मोड़ निवासी पंकज गुप्ता (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित के खिलाफ धनबाद, झरिया, बैंक मोड़ और पलामू सहित कई थानों में ठगी से संबंधित मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच कर रही है।पीड़ितों के अनुसार, आरोपित ने अलग-अलग लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बदले किसी से 20 लाख, किसी से 15 लाख, 10 लाख और 06 लाख रुपये तक लिए गए।

नाबालिग के अपहरण और यौन अपराध में 20 साल की सजा

जामताड़ा। नाबालिग लड़की के अपहरण और यौन शोषण से जुड़े मामले में जामताड़ा की अदालत ने सोमवार को मंथन मुर्मू को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने अंतिम सुनवाई के बाद फैसला सुनाया।पॉक्सो एक्ट की धारा 6 एवं 5(1) के तहत दोषी को 20 वर्ष की सजा के साथ 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 3 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी गई। अर्थदंड नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर रांची में कांग्रेस का प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

रांची। निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, एसआईआर और मतदाता सूची में नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत रांची में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुराना विधानसभा परिसर से जुलूस निकाला और निर्वाचन आयोग के कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे और तख्तियां लेकर निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारे लगाते हुए धुर्वा स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। यहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित अन्य के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था लोकतंत्र की सबसे मजबूत बुनियाद :मरावी

कांग्रेस के सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी ने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था लोकतंत्र की सबसे मजबूत बुनियाद है। मरावी ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है।

मतदाता सूची और चुनावी पारदर्शिता पर उठ रहे सवालों का जवाब जरूरी : कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया तथा चुनावी पारदर्शिता को लेकर विपक्षी दलों और आम लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र का बुनियादी दस्तावेज है और उसमें किसी भी तरह की अनियमितता नागरिक के मताधिकार को प्रभावित कर सकती है।प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मतदाता के अधिकार से जुड़ा कोई भी विषय पारदर्शिता और जवाबदेही से बाहर नहीं हो सकता। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो। कार्यक्रम को पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी संबोधित किया।प्रदर्शन में बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, केएन त्रिपाठी, सतीश पॉल मुंजनी, राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, जयशंकर पाठक, गुंजन सिंह, रमा खलखो, प्रदीप तुलस्यान, डॉ. राजेश गुप्ता छोटू, आलोक कुमार दूबे, लाल प्रेम प्रकाशनाथ शाहदेव, सूर्यकांत शुक्ला, सुनीत शर्मा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सुखेंद्र सिंह, राकेश किरण महतो, शशि भूषण राय, ज्योति सिंह मथारू, रियाज अंसारी, सोमनाथ मुंडा, सुलतान अहमद, मंजूर अंसारी, राजन वर्मा, डॉ. एम. तौसीफ, कुमार गौरव और सोनल शांति सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

एसआईआर पर सर्वसम्मति से हुए फैसलों के बाद इस्तीफे की मांग का औचित्य नहीं : बाबूलाल मरांडी

संताल एक्सप्रेस

गिरिडीह। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। सोमवार को गिरिडीह में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित तीनों निर्वाचन आयुक्तों ने स्पष्ट किया है कि आयोग में लिए गए फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं। ऐसे में उनके इस्तीफे की मांग का कोई औचित्य नहीं है।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित अन्य मुद्दों पर निर्वाचन आयोग में किसी तरह का एकतरफा निर्णय नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अंग्रेजी अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष जिस तरह का रुख अपना रहा है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि उसे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कोई बड़ा आधार मिल गया है।मरांडी ने कहा कि विपक्ष को संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज से जुड़े मुद्दों पर तथ्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर 2014 के बाद से विभिन्न मुद्दों के जरिए जनता में भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। ये आरोप उनके राजनीतिक बयान का हिस्सा हैं।एमएमडीआर संशोधन कानून को लेकर पूछे गए सवाल पर बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस इस कानून का विरोध कर रही है तो यह विरोध केवल झारखंड तक सीमित क्यों है, जबकि कांग्रेस शासित अन्य राज्यों में भी इसके प्रभाव को लेकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने एमएमडीआर कानून को देश और राज्य के हित में बताते हुए कहा कि विपक्ष अब तक इसके खिलाफ अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाया है।मरांडी ने कहा कि एसआईआर और एमएमडीआर जैसे मुद्दों पर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने दोनों मामलों में विपक्ष के रुख पर सवाल उठाते हुए केंद्र और राज्य से जुड़े विषयों पर अपनी पार्टी का पक्ष रखा।

मंत्री शिल्पी ने किया बेकन फैक्ट्री का निरीक्षण कहा - आधुनिक तकनीक युक्त बनेगी फैक्ट्री

रांची। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांके के बेकन फैक्ट्री का सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फैक्ट्री के पुनर्जीवन में आ रही तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों के साथ उनके समाधान पर चर्चा की। हैदराबाद स्थित नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीरच्यूट (एनएमआरआई) से पहुंचे विशेषज्ञों और इंजीनियरों की टीम के साथ मंत्री ने फैक्ट्री की तकनीकी स्थिति, आवश्यक सुधार, आधुनिक सुविधाओं और भविष्य की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया।इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बेकन फैक्ट्री केवल पुराना औद्योगिक संस्थान नहीं, बल्कि झारखंड के कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक विरासत है। सरकार का लक्ष्य सिर्फ फैक्ट्री को दोबारा शुरू करना नहीं, बल्कि इसे आधुनिक, तकनीकी रूप से सक्षम और दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ संस्थान के रूप में विकसित करना है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन कार्यों के लिए आवश्यक क्लियरेंस मिल चुके हैं, उन्हें बिना अनावश्यक विलंब के पूरा किया जाए, ताकि जल्द जमीनी स्तर पर काम शुरू हो सके। लंबित प्रक्रियाओं और तकनीकी अनुमतियों की भी समीक्षा की गई।उन्होंने बताया कि स्थापना के दौर में यहां कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए डेनमार्क तक भेजा गया था और परिसर में मौजूद पुरानी मर्सिडीज वैन भी उस समय की तकनीकी सोच की गवाही देती है।

दिनदहाड़े बंद फ्लैट में चोरी, 35 लाख से अधिक के जेवरात और नकदी लेकर चोर फरार

रांची । रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित सुकीर्ति अपार्टमेंट में दिनदहाड़े बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने एक बंद फ्लैट का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी और हीरे के जेवरात, नकदी, कीमती घड़ियां और जमीन के जरूरी दस्तावेज चोरी कर फरार हो गये।चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है। घटना सुकीर्ति अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर-201 की है।घर के अंदर प्रवेश करने पर कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने तीनों अलमारियों के ताले तोड़कर उसमें रखे जेवरात, नकदी और जरूरी दस्तावेज निकाल लिए थे।पीड़ित के अनुसार, चोरी हुए सामान में हीरे की अंगूठी, सोने की अंगूठियां, नेकलेस सेट, सोने की चेन, करीब 16 पीस सोने की बालियां, सोने की चूड़ियां और सोने के सिक्के सहित कई अन्य जेवरात शामिल हैं।

झारखंड राज्य खेल चैंपियनशिप में एसबीयू का शानदार प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस रांची । एसबीयू, रांची के विद्यार्थियों ने झारखंड राज्य खेल चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड द्वारा किया गया था। फुटबॉल प्रतियोगिता में एसबीयू की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और चैंपियन का खिताब जीता।

एचआईवी और यौन रोगों को लेकर जागरूकता

गोड्डा। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स से बचाव एवं नियंत्रण तथा युवाओं और आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान के तहत रविवार को भारती स्कूल ऑफ नर्सिंग, गोड्डा में एचआईवी एवं यौन संचारित रोग विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यह अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद, संक्रमित सुई-सिरिंज के इस्तेमाल तथा संक्रमित माता से गर्भावस्था या प्रसव के दौरान शिशु में संक्रमण पहुंचने के माध्यम से फैल सकता है। मौके पर जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, सिस्टर सुशीला हंसदा, यूसीएफ प्रहलाद कुमार, सहिया साथी ललिता सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।

भगत सिंह की जयंती पर यूथ वॉइस और वैद्यनाथ फिजिकल एकेडमी ने किया पौधरोपण

देवघर संताल एक्सप्रेस । भगत सिंह की जयंती के अवसर पर देवघर महाविद्यालय परिसर में यूथ वॉइस देवघर एवं वैद्यनाथ फिजिकल एकेडमी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से जयंती समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसमें देवघर महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश तिवारी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर पौधारोपण किया। मौके पर यूथ वॉइस के शुभम कुमार, वैद्यनाथ फिजिकल एकेडमी के निदेशक अक्षय सिंह, प्रशिक्षक सुमन कुमार, गोलू कुमार, राजीव कुमार, आशीष आनंद, रूपेश कुमार, दीपक वर्मा, अभिषेक कुमार, प्रीतम कुमार, अभिजीत कुमार, अनुज कुमार एवं राजीव रंजन राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

दो वर्षों से खराब पड़ा सरकारी ट्यूबवेल 50 बीघा खेतों की सिंचाई प्रभावित

हनवारा प्रतिनिधि । महागामा प्रखंड के हनवारा गेरुआ नदी के समीप किसानों की सिंचाई सुविधा के लिए लगाया गया सरकारी ट्यूबवेल पिछले करीब दो वर्षों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार, ट्यूबवेल बनने के बाद करीब एक वर्ष तक ही ठीक से चला। इस दौरान इससे आसपास के किसानों को काफी लाभ मिला और करीब 50 बीघा खेतों की सिंचाई होती थी। लेकिन खराब होने के बाद से अब तक इसकी मरम्मत नहीं करायी गयी है।ग्रामीणों ने बताया कि ट्यूबवेल चालू रहने के दौरान खेतों में समय पर पानी मिल जाता था, जिससे किसानों को खेती करने में काफी सुविधा होती थी। विशेषकर रबी फसल के समय इस ट्यूबवेल से किसानों को बड़ी राहत मिलती थी। इसके खराब होने के बाद किसानों को सिंचाई के लिए निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत भी बढ़ जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में किसी तरह खेतों में नमी और पानी उपलब्ध हो जाने से फसल की खेती हो जाती है, लेकिन रबी फसल के समय सिंचाई की समस्या गंभीर हो जाती है।

गढ़ी में दो साल से जलजमाव, ग्रामीण परेशान

हनवारा प्रतिनिधि । गढ़ी पंचायत के गोरगमा इस्लामपुर में पिछले करीब दो वर्षों से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, यह इलाका झारखंड- बिहार सीमा से सटा हुआ है। बिहार की ओर नाला बना हुआ है, लेकिन झारखंड की तरफ पानी की निकासी के लिए नाला नहीं होने के कारण परेशानी बढ़ गई है।ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो साल पहले सड़क के आसपास घर नहीं थे, इसलिए बारिश का पानी आसपास से निकल जाता था। लेकिन अब सड़क के दोनों ओर घर बन जाने के कारण पानी की प्राकृतिक निकासी बंद हो गई है। बरसात के मौसम में यहां दो से तीन फीट तक पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक, जलजमाव के कारण घरों के आसपास भी पानी जमा रहता है और बच्चों, बुजुर्गों समेत आम लोगों को काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर मुखिया से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है।

बड़ी डिग्री नहीं, बड़ा उद्देश्य जीवन को बनाता है बड़ा : राज्यपाल

संताल एक्सप्रेस

रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखें, बल्कि बड़े उद्देश्य के लिए करें। राज्यपाल सोमवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय , द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

आठ विद्यार्थियों को मिला स्वर्ण पदक

द्वितीय दीक्षांत समारोह में तकनीकी और प्रबंधन पाठ्यक्रमों के टॉपर विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। कुल आठ विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला। इनमें चार बीटेक और चार एमटेक व एमबीए स्तर के विद्यार्थी शामिल हैं। बीआईटी सिंदरी के विद्यार्थियों के हिस्से 8 में से 5 स्वर्ण पदक आए हैं। इनमें प्रीति कुमारी, आलोक रंजन, आरती कुमारी, शालिनी भारद्वाज और अविनाश कुमार शामिल हैं। वहीं, जेयूटी मुख्य परिसर, नामकुम के विद्यार्थियों ने एमटेक एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग में 2 गोल्ड मेडल हासिल किए हैं, इनमें राहुल कुमार और चंद्रकांत कुमार शामिल हैं, जबकि, बोकारो स्थित जीजीएसईएसटीसी कैंपस की छात्रा शहनाज फरहीन ने एमबीए में गोल्ड मेडल हासिल किया है।सिरखा टोली, नामकुम स्थित जेयूटी परिसर के सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीके सिंह ने की। सेल, बोकारो के निदेशक प्रिय रंजन और डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. प्रभात रंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

तेतुलिया वन भूमि घोटाले में ईडी ने दायर किया आरोप पत्र, दो करोड़ की संपत्ति जब्त

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बोकारो जिला के तेतुलिया वन भूमि घोटाले में आरोप पत्र दायर किया है। साथ ही वनभूमि खरीद बिक्री करने वाले शैलेष सिंह की दो करोड़ रुपये मूल्य संपत्ति जब्त कर ली है। जब्त की गयी संपत्तियों में शैलेश सिंह के पटना स्थित मकान और गांव की जमीन शामिल है। जब्त संपत्ति का बाजार मूल्य करीब छह करोड़ रुपये आंका गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शैलेश सिंह, उसके बेटे आयुष, उसकी कंपनी उमायुष मल्टिकॉम के अलावा इजहार हुसैन और अ तर हुसैन और पुनीत अग्रवाल एवं उसकी कंपनी राजवीर कंस्ट्रक्शन को आरोपित किया है। ईडी की ओर से दायर आरोप पत्र में इजहार हुसैन और अ तर हुसैन पर फर्जी दस्तावेज के सहारे बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा की 103 एकड़ वन भूमि को अपने नाम कराने एवं इसकी खरीद बिक्री का आरोप लगाया गया है।ईडी की ओर से दायर आरोप पत्र में राजबीर कंस्ट्रक्शन के पुनित अग्रवाल की चर्चा करते हुए कहा गया कि इस कंपनी ने वनभूमि खरीदने के लिए उमायुष मल्टीकॉम को चार करोड़ रुपये से अधिक पैसे दिये। यह पैसा उमायुष मल्टिकॉम को उस वक्त दिया गया था।

भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल में एडवांस्ड कार्डियेक दी गई जानकारी

संताल एक्सप्रेस रांची। वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, राँची ने कार्डियेक केयर में हुई आधुनिक प्रगति, नई टेक्नोलॉजी एवं विशेषज्ञ इलाज के महत्व के बारे में बताया, जो कॉम्प्लेक्स हार्ट समस्याओं के मरीजों को बेहतर नतीजे प्रदान कर रहे हैं। हॉस्पिटल में कार्डियेक स्पेशियलिस्ट्स ने बताया कि इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, स्ट्रक्चरल हार्ट केयर, रिद्म मैनेजमेंट और कार्डियेक सर्जरी द्वारा अब हार्ट की उन समस्याओं का इलाज भी आसान हो गया है, जो पारंपरिक कार्डियेक केयर द्वारा ठीक नहीं हो पाते थे।

फॉरेंसिक विज्ञान के दिग्गज डॉ. हर्ष शर्मा ने वाईवीएन में साझा किया अपराध जांच

संताल एक्सप्रेस रांची। वाईवीएन विश्वविद्यालय , रांची के डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक साइंस द्वारा मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से अंजुराम ग्रैंड ऑडिटोरियम में 'द साइंस बिहाइंड द एविडेंस' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को फॉरेंसिक विज्ञान, अपराध स्थल जांच और वैज्ञानिक साक्ष्यों की व्यावहारिक भूमिका से परिचित कराना था।कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ. दीप्ति भार्गव, प्राचार्य सहित विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के फैकल्टी सदस्य डॉ अविनाश एवं हेमी गायकवाड़ तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कैंब्रिज इंस्टिट्यूट में विचार गोष्ठी

संताल एक्सप्रेस रांची । कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए चल रहे 21 दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम के तहत सोमवार को सड़क सुरक्षा एवं से नो ड्रग्स विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी धनंजय कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईसी के सास्वत कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि धनंजय कुमार ने कहा कि ड्राइविंग के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना काफ़ी आवश्यक है.

नारायणपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

नारायणपुर(जामताड़ा)। प्रखंड मुख्यालय में चल रहे नारायणपुर प्रीमियर लीग (एनपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इसमें किंग सेल एंड सर्विस, सादाब इलेवन बिरवा और आलिया इलेवन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। तीनों मुकाबलों में क्रमशः हसनैन, अनवर और अरशद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।अनवर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।तीसरे मुकाबले में मंडल मशीनरी और आलिया इलेवन के बीच भिड़ंत हुई। मंडल मशीनरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में नौ विकेट खोकर 109 रन बनाए। जवाब में आलिया इलेवन ने सात ओवर एक गेंद में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार खेल के लिए अरशद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

बोआरीजोर । ललमटिया थाना क्षेत्र के मेहरमा- ललमटिया मुख्य मार्ग पर हेथबंधा गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोबरा-खेरवानी निवासी बंगाली मुर्मू (40) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी रोशन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से दुर्घटना की सूचना मिली थी। मृतक सड़क पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। इलाज के दौरान हुई मौत घटना की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी अश्विनी कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को महागामा रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

मुंदर कोठी स्टेडियम और योगिनी मंदिर का डीसी ने किया निरीक्षण

गोड्डा। जिले में खेल एवं पर्यटन की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सोमवार को मुंदर कोठी स्टेडियम एवं पथरगामा स्थित योगिनी मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थलों की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक विकास कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।मुंदर कोठी स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपलब्ध भूमि, पहुंच मार्ग, जल निकासी, खेल मैदान सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली। खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक और उपयोगी खेल अधोसंरचना का विकास जरूरी है। स्टेडियम के विकसित होने से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी तथा क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।उपायुक्त ने स्टेडियम निर्माण से जुड़े आवश्यक कार्यों की समयबद्ध तैयारी और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, उपयोगिता और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी प्रावधान करने पर भी जोर दिया।

हिन्दी पखवाड़ा पर विचार गोष्ठी आयोजित

गोड्डा । स्थानीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को हिंदी दिवस पखवाड़ा के तहत भाषाई पहचान- डिजिटल गवर्नेंस में प्रयोजनमूलक हिंदी विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।प्रभारी प्राचार्या सुमनलता की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार के तहत उपस्थित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं में प्रो. बिंदु कुमारी, डॉ. संध्या मिश्रा एवं डॉ. ब्रजेश मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी अपने विचारों को रखा। छात्राओं के बीच विषयक निबंध लेखन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। मंच संचालन श्वेता ने किया।इस अवसर पर डॉ. मिटान झा, प्रो. विभा सिंह, प्रो. सुहागिनी मरांडी, प्रो. सुधीर कुमार यादव, डॉ. रेखा सिंह एवं प्रो. श्वेता दुबे सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया।

एसडीपीओ ने मेहरमा थाना का किया निरीक्षण

महागामा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने मेहरमा थाना का निरीक्षण कर थाना की कार्यप्रणाली, पुलिसिंग व्यवस्था और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में दर्ज विभिन्न मामलों और लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों को आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना की पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

राष्ट्रीय विभूति मंच ने मनाया भगत सिंह की जयंती

गोड्डा। अमर शहीद भगत सिंह की जयंती रविवार को राष्ट्रीय विभूति मंच के तत्वावधान में हटिया चौक स्थित भगत सिंह स्मारक स्थल पर धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।रवींद्र महतो ने कहा कि आज भी भगत सिंह देश के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। वर्तमान समय में युवाओं और सभी देशवासियों को उनके जीवन, साहस और देश के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।वहीं अधिवक्ता सर्वजीत झा ने नगर परिषद से मांग की कि शहर में स्थापित सभी महापुरुषों के स्मारक स्थलों पर उनकी तस्वीर के नीचे उनका नाम बड़े अक्षरों में अंकित किया जाए, कार्यक्रम में सीताराम राउत, हीरालाल मंडल, प्रफुल पुष्प, वेद प्रकाश भगत, शिक्षक किशोर साह, मनोज कुमार साह, लक्ष्मी कुमारी, करिश्मा कुमारी, अंजू कुमारी, आरती टूडू, इशांत कुमार, ओमप्रकाश मृधा, रितेश मुर्मू, रंगीला हंसदा, प्रियांशु कुमार, अमित कुमार, खुशी कुमारी और पूजा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जल निकासी की समाधान को लेकर पहल

महागामा। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या के समाधान को लेकर वार्ड पार्षद रॉकी जायसवाल ने पहल तेज कर दी है। मोहल्ले में जलजमाव और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए पार्षद ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कराई है।वार्ड पार्षद रॉकी जायसवाल ने बताया कि मोहल्ले की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सड़क एवं नाली का निर्माण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत स्तर से फिलहाल तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करा दी गई है, जिससे लोगों को अस्थायी रूप से राहत मिल सके।इधर, स्थानीय लोगों ने तत्काल जल निकासी की व्यवस्था किए जाने पर राहत जताई। साथ ही सड़क एवं नाली निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की।

पथरगामा में 65 वर्षीय किसान का मिला शव

पथरगामा। प्रखंड थाना क्षेत्र के महादेव कित्ता शिव मंदिर के पास रविवार शाम एक 65 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान देवनारायण महतो के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पथरगामा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।परिजनों के अनुसार, देवनारायण महतो शनिवार सुबह करीब आठ बजे खेत देखने की बात कहकर घर से निकले थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। रविवार शाम करीब छह बजे महादेव कित्ता शिव मंदिर के पास उनका शव मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।पथरगामा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजा।

बागडेहरी में अवैध शराब भट्टी का खुलासा

कुंडहित (जामताड़ा) अभिजित चौधरी। अवैध महुआ शराब भट्टी पर पुलिस का चला ड़डा, जप्त की 100 लीटर महुआ शराब सहित शराब बनाने वाले उपकरण। सोमवार को बागडेहरी थाना प्रभारी किसन कुमार सिंह के नेतृत्व में जोकपहाड़ी गांव में छापामारी कर अवैध शराब भट्टी को नष्ट कर 50 लीटर जवाब महुआ शराब सहित विभिन्न उपकरण जप्त किया गया। पुलिस ने अवैध शराब भट्टी संचालक जोकपहाड़ी गांव के भीम मंडल के 47 वर्षीय पुत्र बिल्पब मंडल को आरोपी बनाते हुए बागडेहरी थाना में चोरी छीपे अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने पर सुसंगत धाराओं के साथ मामला दर्ज किया गया। मौके पर थाना प्रभारी किशन कुमार सिंह सी राजीव रंजन सहित पुलिस बल उपस्थित रहे। वही उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निखिल चंद्र के नेतृत्व में बागडेहरी थाना क्षेत्र के मुड़ाबेड़िया गांव के चार पांच अवैध शराब भट्टियों पर छापामारी कर 50 लीटर जावा महुआ सहित विभिन्न उपकरण जप्त किया गया। इस संबंध में अवर निरीक्षक निखिल चंद्र ने बताया बुड़ाबेड़िया गांव में अवैध शराब भट्टी संचालन होने की गुप्त सूचना मिला । सूचना के आधार पर छापामारी कर चार-पांच अवैध शराब भट्टी में छापामारी कर 50 लीटर जावा महुआ के साथ विभिन्न उपकरण जप्त किया गया।

एसाईआर जांच में महागामा और पोड़ैयाहाट क्षेत्र के एक ही घर में 69 तथा 126 मतदाता मिलना आश्चर्यजनक

मतदाताओं की असामान्य वृद्धि के खिलाफ भाजपा ने जांच की मांग की

संताल एक्सप्रेस

रांची । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने झारखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर गोड्डा जिला के अंतर्गत पोड़ैयाहाट-16 निर्वाचन क्षेत्र एवम महागामा-18 निर्वाचन क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं की असमान्य वृद्धि के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई साथ ही मतदाताओं का विशेष जांच कराते हुए इनके अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराने की मांग की है।श्री प्रसाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में भाजपा दुमका जिला मंत्री रघुनाथ रजक के इस विषय में लिखित पत्र को उल्लेखित करते हुए बताया कि 16-पोडैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के प्रखण्ड-सरैयाहाट मतदान केन्द्र का नाम-उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बाबुडीह उर्दू, मतदान केन्द्र संख्या-319 के पर एक ही मकान में मतदाताओं की संख्या में असमान्य वृद्धि हुई है। यहां तक की एक मकान में 126 मतदाता है एवं 17 मकान में 793 मतदाता रहते हैं, जो आश्चर्य का विषय है। वहीं 18-महागामा निर्वाचन क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों के अंतर्गत एक ही मकान में मतदाताओं की संख्या में असमान्य वृद्धि हुई है। यहां तक की एक मकान में 69 मतदाता है। 32 मकान में 842 मतदाता रहते हैं, जो आश्चर्य का विषय है। श्री प्रसाद ने जिस मतदान केन्द्र / बूथ पर आपत्ति है, पत्र के साथ उसकी सूची संलग्न कर चुनाव आयुक्त से मांग करते हुए लिखा है कि ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि संबंधित मकानों एवं मतदाताओं का नियमानुसार भौतिक एवं अभिलेखीय सत्यापन कराया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मतदाता सूची में दर्ज सभी नाम वास्तविक व पात्र मतदाताओं के हैं तथा किसी प्रकार की त्रुटिपूर्ण, डुप्लीकेट अथवा अपात्र प्रविष्टि नहीं हुई है।उन्होंने पत्र के माध्यम से संलग्न सूची के आलोक में उल्लेखित 16-पोड़ैयाहाट निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-319 एवम 18- महागामा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर दर्ज मतदाताओं का विशेष जांच कराते हुए इनके अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराने की मांग का अनुरोध किया है। संबंधित मकानों में निवास करने वाले मतदाताओं के पते एवं अन्य आवश्यक विवरणों का सत्यापन कराया जाए। ताकि मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवम निष्पक्षता बरकरार रहे।उन्होंने पत्र में मांग किया है कि जांच के दौरान किसी प्रविष्टि में अनियमितता अथवा नियमों के विरुद्ध नाम दर्ज पाया जाता है, तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।

गोड्डा में कांग्रेस ने पैदल मार्च आयोजित कर मुख्य चुनाव आयुक्त का किया पुतला दहन

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी, गोड्डा द्वारा जिलाध्यक्ष याहया सिद्धकी के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थल से जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया तथा पुतला दहन कर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया, मतदाता सूची में किए जा रहे बदलावों तथा निर्वाचन आयोग की संस्थागत कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया का स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय होना आवश्यक है। ज्ञापन में निर्वाचन आयोग की निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता, मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित निर्णयों पर निर्वाचन आयुक्तों द्वारा दर्ज आपत्तियों, एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की स्वतंत्र समीक्षा तथा निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली और डेटा प्रबंधन के केंद्रीकरण की तकनीकी एवं संस्थागत जांच की मांग की गई।

ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच, उनके कार्यकाल में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की व्यापक समीक्षा तथा मतदाता सूची में किए गए बदलावों की कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप जांच कराने की मांग की गई। साथ ही, प्रभावित नागरिकों को आपत्ति दर्ज कराने और सुनवाई का उचित अवसर देने, निर्वाचन आयोग की जवाबदेही मजबूत करने तथा जांच के निष्कर्षों एवं आवश्यक कार्रवाई को सार्वजनिक करने का अनुरोध किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा लोकतंत्र का मूल आधार है। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का बदलाव निर्धारित कानूनी प्रक्रिया एवं पारदर्शिता के साथ होना चाहिए, ताकि नागरिकों का निर्वाचन प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे।

इस विरोध मार्च एवं धरना-प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को बुलंद किया और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

विश्व रेबीज दिवस पर सभी पशु चिकित्सालयों में होगा निःशुल्क टीकाकरण

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग, गोड्डा की ओर से जिले के सभी पशु चिकित्सालयों में कुत्ते एवं बिल्ली के लिए निःशुल्क रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष विश्व रेबीज दिवस की थीम ÷स्ट्रांग टुगेदर निर्धारित की गई है।जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिले के पशु प्रेमी एवं पालतू पशुओं के मालिक इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपने कुत्ते और बिल्ली को नजदीकी पशु चिकित्सालय में लाकर निःशुल्क टीकाकरण करा सकते हैं।उन्होंने बताया कि रेबीज एक गंभीर एवं जानलेवा वायरल बीमारी है, जो संक्रमित पशु के काटने अथवा उसकी लार के संपर्क में आने से मनुष्यों और अन्य पशुओं में फैल सकती है। इससे बचाव के लिए पालतू पशुओं का समय पर और नियमित टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। विशेषकर कुत्तों और बिल्लियों का टीकाकरण कराकर रेबीज के संक्रमण के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पालतू पशुओं को रेबीज के टीके से वंचित न रखें। 28 सितंबर को जिले के सभी पशु चिकित्सालयों में उपलब्ध निःशुल्क टीकाकरण सुविधा का लाभ उठाकर अपने कुत्ते एवं बिल्ली का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि रेबीज की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग, पशु चिकित्सकों, पशुपालकों एवं आमजनों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। जागरूकता, समय पर टीकाकरण और पशुओं के प्रति जिम्मेदार व्यवहार के माध्यम से रेबीज के प्रसार को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

गोड्डा में 24 अक्टूबर से शुरू होगी क्रिकेट लीग

गोड्डा। जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुभदा भवन में संघ के अध्यक्ष एचएम बोदरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने सर्वप्रथम संघ की वार्षिक पुस्तिका (एनुअल बुक) का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष एजीएम का आयोजन कर क्रिकेट संघ पारदर्शिता के साथ अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहा है।बैठक में उपाध्यक्ष अमित बोस ने आगामी क्रिकेट सत्र की तैयारियों तथा पिछले सत्र की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जेएससीए द्वारा आयोजित विभिन्न टूर्नामेंटों में गोड्डा की टीम का प्रदर्शन बेहतर रहा है। अंडर-19 टीम ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि अंडर-14 टीम ईस्ट जोन की चैंपियन रही। वहीं, सीनियर टीम ने रणधीर वर्मा ट्रॉफी में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।बैठक के दौरान सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव के हाथों प्रतीक आर्यन को प्रदान किया गया। सचिव रंजन कुमार ने आगामी वर्ष का वार्षिक क्रिकेट कैलेंडर जारी किया, जबकि कोषाध्यक्ष सनोज कुमार ने सदस्यों के समक्ष संघ की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की।इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ ऑडिटर, अंपायर, स्कोरर एवं कोच को भी सम्मानित किया गया। सत्र 2026-27 के ऑडिट के लिए निर्भया एंड एसोसिएट का चयन किया गया। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष क्रिकेट लीग की शुरुआत 24 अक्टूबर से होगी, जबकि गोड्डा प्रीमियर लीग (जीपीएल) का आयोजन 20 दिसंबर से किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष तनवीर अहमद इरफानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

व्यापारियों की सुरक्षा पर पुलिस सख्त

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। व्यापारिक प्रतिष्ठानों, बैंक, ज्वेलरी शॉप और पेट्रोल पंपों की सुरक्षा को लेकर नाला थाना परिसर में चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य, पेट्रोल पंप संचालक, बैंक कर्मी एवं ज्वेलरी शॉप के दुकानदार शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी संचालकों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थाना प्रभारी ने दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने तथा अज्ञात व्यक्तियों पर नजर रखने की सलाह दी। बैठक में मनोज कुमार गुप्ता उर्फ टिंकू डोकानिया, ज्वेलर्स दुकानदार सागर वर्मन, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पेट्रोल पंप प्रतिनिधि कल्याण कुमार, मोहम्मद समीद, मोती पोद्दार, बबलू बर्मन, राकेश बर्मन, उत्तम पोद्दार, पिंटू बर्मन, रिंकू बर्मन, अभिजीत माजी समेत अन्य व्यवसायी तथा बैंक प्रतिष्ठानों के कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

जलसहिया दीदी ने स्वच्छता के प्रति गांव में लोगों को जागरूक किया

कुंडहित (जामताड़ा)। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर के विभिन्न गांवों की जलसहियाओं ने अभियान के तहत स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, देव देवी मंदिर,सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता से समृद्धि विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसमें साफ सफाई, स्वच्छता शपथ, हाथ धुलाई, पौधा रोपण एवं कचरा मुक्त ग्राम के लिए विशेष कार्यक्रम किया गया। इस दौरान ग्राम गुंडलीडीह, दुधापानी, सगुना, चंद्रडीह, खाजुरी, गुवालदंगाल, बंसबोनी, बेड़ा, हरानंदनपुर, सालदहा, बेनियाडंगाल, घाटपरूलिया, चरकमारा, भालको, असंलिया, आमलादही, रसूनपुर, चयनपुर, इनायतपुर, जयपुर, छोटागोबिंदपुर, बागडेहरी, जनार्दनपुर, बोगईआड़ा, चक आमताबाद, आदि गांव के जल सहिया, शिक्षक, सेविका, सहायिका, छात्र छात्राओं, एवं ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

रसोइया को मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता के प्रति दिया गया प्रशिक्षण

कुंडहित (जामताड़ा)। कुंडहित के बीआरसी भवन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण को लेकर रसोइया सह संयोजिका को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी संकुल साधन सेवी तथा सभी संकुल से एक-एक रसोइया सह संयोजिका भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बीईईओ मिलन कुमार घोष एवं सभी संकुल साधन से भी दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। संयोग का उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में बीईईओ मिलन कुमार घोष ने बताया रसोईयों मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता के प्रति जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त करना है। मध्याह्न भोजन इंचार्ज मेघनाथ सेन सभी रसोईयों सह संयोजिका को स्वच्छता के साथ साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन पकाने व वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं रसोईयों को स्वयं की स्वच्छता एवं किचन शेड व बर्तन की सफाई,स्टोर रूम की सफाई, एक्सपायरी डेट वाली वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं करने समेत अन्य कई बिन्दुओं पर जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक ने सभी रसोईयों को विद्यालय में मिलने वाले पोषण तत्व युक्त फोर्टिफाइड चावल बनाने की विधिवत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया भोजन बनाने से पहले और बाद में हाथ साबुन से धोना अनिवार्य है। रसोई घर, बर्तन और चावल-दाल को साफ-सुथरा रखना है। बच्चों को पंक्तिबद गर्म भोजन परोसना है। मेनू चार्ट के अनुसार ही प्रतिदिन भोजन बनाना है।

वोट चोरी' के आरोपों पर गरमाई सियासत

संताल एक्सप्रेस जामताड़ा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। रविवार को गांधी चौक के समीप आयोजित धरना-प्रदर्शन में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उठाया गया 'वोट चोरी' का मुद्दा अब व्यापक चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पूर्व प्रशासनिक कार्यकाल का उल्लेख करते हुए भी सवाल उठाए। चुनाव आयोग की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक ज्ञानेश कुमार ने 19 फरवरी 2025 को देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार संभाला था।डॉ. अंसारी ने स्ढ्ढक्रप्रक्रिया को लेकर युवाओं की चिंता का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि 18 से 22 वर्ष के युवाओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिकों के लिए मतदाता पंजीकरण और फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन की व्यवस्था है।धरने में वक्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने और सूची से बाहर हुए पात्र मतदाताओं के नाम पुनः जोड़ने की मांग की। साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

नुक्कड़ नाटक से बाल विवाह के खिलाफ गांव-गांव जगा रहे जागरूकता

जामताड़ा। पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पटटाजोड़ी के विद्यार्थियों ने सोमवार को दुल्दुले गांव और निजकजरा मध्य विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने जागरूकता फेरी निकालकर स्वच्छता, ग्राम सभा में सहभागिता और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया।इसके बाद बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए बाल विवाह से शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकार और भविष्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रामीणों से बाल विवाह जैसी प्रथा को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने की अपील की गई। साथ ही ग्राम सभा को स्थानीय समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर भागीदारी का महत्वपूर्ण मंच बताया गया।नाटक का निर्देशन वाणिज्य शिक्षक भवेश कुमार ने किया, जबकि हिंदी शिक्षक डॉ. अवधेन्द्र प्रताप सिंह ने सहयोग किया। प्रिया, शिवानी, जोसना, मुस्कान, अंजलि, परी, प्रिंस, विशाल, कृष्णम, सनातन समेत कई विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। विद्यालय परिसर में 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कार्यक्रम का विस्तृत मंचन होगा।

एसआईआर का विरोध हो, लेकिन तथ्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ :तरुण गुप्ता

जामताड़ा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच भाजपा नेता तरुण कुमार गुप्ता ने कांग्रेस से तथ्यों के आधार पर अपनी आपत्ति रखने की अपील की। सोमवार को आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है और एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाने से पहले निर्धारित नियमों और तथ्यों को समझना चाहिए।तरुण गुप्ता ने कहा कि एसआईआर को लेकर किसी भी दल को आपत्ति है तो वह कानूनी एवं लोकतांत्रिक मंच पर अपनी बात रख सकता है। उन्होंने फॉर्म-6 और पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया। आयोग के अनुसार एसआईआर के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 की व्यवस्था है।मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशा गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार बावरी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता और मतदाताओं तक सही जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया।

लापता रेलकर्मी का बंद क्वार्टर बना रहस्य पूजा वाले कमरे से निकला नरकंकाल

चित्तरंजन। चित्तरंजन रेलनगरी में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 11 नंबर रोड स्थित रेलवे क्वार्टर संख्या 11/बी के भीतर से नरकंकाल बरामद हुआ। यह क्वार्टर वर्ष 2021 से लापता रेलकर्मी प्रकाश चंद्र राउत राय (59) का बताया जा रहा है। नरकंकाल प्रकाश चंद्र का ही है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल पुलिस ने नहीं की है।बताया गया कि प्रकाश चंद्र क्वार्टर में अकेले रहते थे। वर्ष 2021 में उनके अचानक लापता होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की। कोई सुराग नहीं मिलने पर वर्ष 2023 में चित्तरंजन थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी।सोमवार को उनके भतीजे सुप्रतिम राउत राय क्वार्टर में रखी बाइक हटाने पहुंचे थे। इसी दौरान कमरे के अंदर कुछ हड्डियां दिखाई दीं। नजदीक जाकर देखने पर नरकंकाल होने की आशंका हुई। बताया जा रहा है कि अवशेष उस हिस्से से मिले, जहां पहले पूजा की जाती थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए चित्तरंजन थाना प्रभारी शेख इस्माइल अली, एसीपी कुल्टी जावेद हुसैन और सालानपुर बीडीओ देबांजन विश्वास मौके पर पहुंचे।एफएसएल टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर साक्ष्य जुटाए।तीन साल से लापता व्यक्ति के उसी आवास से नरकंकाल मिलने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं।

मिहिजाम में शहीद कमांडेंट प्रमोद स्मृति क्विज का सम्मान समारोह

मिहिजाम। मिहिजाम के भारत माता मंडप, डाक बंगला परिसर में जन सेवा पार्टी सांस्कृतिक मंच की ओर से शहीद कमांडेंट प्रमोद कुमार स्मृति क्विज प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद कमांडेंट प्रमोद कुमार के चित्र तथा शहीद डीएसपी प्रमोद कुमार और कांस्टेबल परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। राष्ट्रीय गान के बाद बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने नृत्य-संगीत की प्रस्तुति दी। प्राची शर्मा, कलाकार गौतम, वीरेंद्र शर्मा, शमीम अंसारी और अमन अंत्रा ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मनोरंजन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन जन सेवा पार्टी संयोजक राकेश लाल और नगर परिषद के सिटी मैनेजर विजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जेजेएस कॉलेज के प्राचार्य कृष्ण मोहन साह, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, आरएमयू के क्षेत्रीय अधिकारी एसएन सिंह, सीएलडब्ल्यू आरएमयू नेता राजेश बेनीवाल, कृष्णा द्विवेदी, पार्षद मनीषा महतो, संजू महतो व समाजसेवी दर्शन लाल प्रभाकर मौजूद रहे। करीब 120 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, मेडल और पुरस्कार दिए गए।

पवित्र स्थलों की गरिमा और कानून की कसौटी

धार्मिक स्थल केवल ईंट, पत्थर और चूने से बनी इमारतें नहीं होते। मस्जिद की अजान, मंदिर की घंटी, चर्च की प्रार्थना, गुरुद्वारे के शबद, दरगाह की रूहानी फिजा और खानकाह की महफिल किसी समाज की आस्था, संस्कृति और सामूहिक स्मृति का हिस्सा होती है। कोई धार्मिक स्थल यदि कई पीढ़ियों से किसी बस्ती के जीवन का हिस्सा रहा हो तो उसके साथ लोगों का भावनात्मक जुड़ाव स्वाभाविक है।यही कारण है कि किसी मस्जिद, मदरसे, मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे, दरगाह या खानकाह की भूमि को लेकर उठे सवाल को केवल जमीन के कागज का मामला मानना उचित नहीं होगा। इसके साथ इतिहास, स्थानीय परंपरा, लोगों की भावनाएँ, संपत्ति के अधिकार और कानून सभी जुड़े होते हैं। मगर इसका दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। धार्मिक पवित्रता कानून से ऊपर नहीं हो सकती और कानून की आड़ में धार्मिक भावनाओं की उपेक्षा भी नहीं होनी चाहिए। वास्तविक चुनौती इन दोनों के बीच न्यायपूर्ण संतुलन कायम करने की है।भारत में अनेक धार्मिक स्थल ऐसे समय में स्थापित हुए जब आज जैसी व्यवस्थित भू-अभिलेख व्यवस्था नहीं थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के उपयोग से जुड़े निर्णय कई बार स्थानीय मुखिया, पंचायत, जमींदार या समुदाय के प्रभावशाली लोगों की सहमति से होते थे। कहीं लिखित प्रमाण मिले तो कहीं स्थानीय गवाही, रसीद, रजिस्टर या पंचायत का रिकॉर्ड ही संस्था के अस्तित्व का आधार बना।इसलिए पचास, सौ या उससे अधिक वर्षों पुराने किसी धार्मिक स्थल के मामले में केवल वर्तमान भूमि रिकॉर्ड देखकर निष्कर्ष निकालना पर्याप्त नहीं होना चाहिए। यह भी देखना होगा कि वह स्थल कब स्थापित हुआ, उस समय भूमि की स्थिति क्या थी, संस्था कितने समय से वहाँ संचालित है और उसके पक्ष में कौन-कौन से पुराने प्रमाण उपलब्ध हैं।इसका अर्थ यह भी नहीं कि पुराना होना अपने आप में कानूनी स्वामित्व का प्रमाण बन जाए। प्राचीनता सम्मान का आधार हो सकती है लेकिन कानून का विकल्प नहीं। इसी तरह किसी पुराने दस्तावेज के अभाव को भी तत्काल अवैध कब्जे का प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए। प्रत्येक मामले की जाँच उसके अपने तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए।यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। धार्मिक संस्थाओं को भी यह समझना होगा कि आस्था के साथ कानूनी सावधानी आवश्यक है। नए धार्मिक स्थल की स्थापना से पहले भूमि का स्वामित्व, उपयोग का अधिकार और आवश्यक अनुमति स्पष्ट होनी चाहिए। पुराने संस्थानों को अपने उपलब्ध दस्तावेज, रजिस्टर, रसीदें और अन्य प्रमाण सुरक्षित रखने चाहिए। जहाँ आवश्यकता हो वहाँ अपनी कानूनी स्थिति की विशेषज्ञों से जाँच करानी चाहिए।मस्जिद स्थापित करना मुसलमानों के लिए धार्मिक कार्य है लेकिन ऐसी भूमि पर मस्जिद बनाना जिस पर वैध अधिकार या अनुमति न हो, धार्मिक भावना की आड़ में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यही सिद्धांत मंदिर, चर्च, गुरुद्वारा, मदरसा, दरगाह और खानकाह सहित प्रत्येक धार्मिक संस्था पर समान रूप से लागू होता है। धार्मिक नेतृत्व की भूमिका यहाँ विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उलेमा, इमाम और धार्मिक संगठन यदि किसी भूमि विवाद के सामने आते ही भावनाओं को उत्तेजित करने के बजाय लोगों को दस्तावेज, कानून और उपलब्ध विकल्पों की जानकारी दें तो विवाद का समाधान अधिक शांतिपूर्ण व सरल ढंग से हो सकता है। लोगों को भावनात्मक बनाना आसान है, जिम्मेदार बनाना धार्मिक नेतृत्व की बड़ी परीक्षा है।

व्यावहारिक कूटनीति की नई सुबह और भारत-कनाडा संबंध

अशोक भाटिया

वैश्विक भू-राजनीति में स्थायी शत्रु या स्थायी मित्र नहीं होते, बल्कि स्थायी केवल राष्ट्रहित होते हैं। भारत और कनाडा के संबंधों का हालिया इतिहास इस सदाबहार कूटनीतिक सिद्धांत का सबसे सटीक उदाहरण बनकर उभरा है। पिछले दो वर्षों के अभूतपूर्व कूटनीतिक तनाव, आरोपों-प्रत्यारोपों के दौर और दोनों पक्षों द्वारा दूतावासों के कर्मचारियों में की गई कटौती के बाद, आखिरकार नई दिल्ली और ओटावा ने पुरानी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए एक व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के इतर भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और कनाडा की नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद के बीच न्यूयॉर्क में हुई द्विपक्षीय वार्ता महज एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी, बल्कि यह दोनों देशों द्वारा अपने रिश्तों को एक %नई ऊंचाई% पर ले जाने की साझा प्रतिबद्धता का शंखनाद है।यह कूटनीतिक पुनरुद्धार इस बात का प्रमाण है कि आर्थिक अनिवार्यताएं और रणनीतिक हित अंततः राजनीतिक मतभेदों पर हावी हो जाते हैं। कनाडा में मार्च 2025 में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के सत्ता संभालने के बाद से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को क्रमिक रूप से सामान्य बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस बैठक के बाद कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने स्पष्ट किया है कि भारत के साथ संबंध कई स्तरों पर–जनसंख्या, सुरक्षा और व्यापार–अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दोनों लोकतंत्रों ने यह समझ लिया है कि समकालीन वैश्विक परिदृश्य में एक-दूसरे से दूरी बनाए रखना दोनों के लिए ही नुकसानदेह साबित हो रहा था। वर्तमान सुधार को समझने के लिए भारत-कनाडा संबंधों के उस स्वर्ण काल को याद करना आवश्यक है, जिसने इस साझेदारी की मजबूत बुनियाद रखी थी। जयशंकर और आनंद की वर्तमान वार्ता और आगामी कूटनीतिक रूपरेखा की रीढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अप्रैल 2015 की ऐतिहासिक कनाडा यात्रा है। वह यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा 33 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद की गई पहली स्टैंडअलोन आधिकारिक कनाडाई यात्रा थी।2015 में प्रधानमंत्री मोदी के उस दौरे ने दोनों देशों के रिश्तों को %रणनीतिक साझेदारी% के स्तर पर उन्नत किया था। उस दौरान भारत और कनाडा के बीच असैन्य परमाणु ऊर्जा सहयोग को लेकर एक बड़ा समझौता हुआ था, जिसके तहत कनाडा की कंपनी केमेको ने भारत को यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति का जिम्मा लिया था। इसके अलावा, निवेश प्रोत्साहन, विमानन और अंतरिक्ष क्षेत्र में तकनीकी आदान-प्रदान के कई ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। उस यात्रा ने न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को एक नई दिशा दी थी, बल्कि कनाडा में रह रहे विशाल भारतीय प्रवासियों के बीच भारत की साख को एक नया मुकाम दिया था। आज जब 2026 में दोनों देश अपने संबंधों को एक पायदान और ऊपर ले जाने की बात कर रहे हैं, तो उसकी रूपरेखा उसी 2015 के मजबूत आर्थिक और रणनीतिक ढांचे पर टिकी हुई है।दोनों देशों के बीच इस रणनीतिक बदलाव का सबसे मजबूत स्तंभ आर्थिक मोर्चे पर दिखाई दे रहा है। भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत को फिर से तेज कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस साल दिसंबर 2026 तक व्यापार वार्ता को पूरी तरह से संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। यह समझौता दोनों देशों के वाणिज्यिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख देगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा मई 2026 में कनाडा का किया गया हालिया व्यापार दौरा, जिसमें 120 से अधिक भारतीय कंपनियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल था, यह दर्शाता है कि भारत इस आर्थिक साझेदारी को लेकर कितना गंभीर है। दोनों देशों ने मिलकर वर्ष 2030 तक आपसी द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक कर 70 अरब कनाडाई डॉलर (लगभग 50 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंचाने का एक अत्यंत महत्वाकांक्षी साझा लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य केवल वस्तुओं के व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें डिजिटल व्यापार, कृषि-खाद्य, वित्तीय सेवाएं और उन्नत विनिर्माण जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्र शामिल हैं। कनाडाई पेंशन फंड पहले से ही भारतीय बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) में अरबों डॉलर का निवेश कर चुके हैं, और इस नए समझौते के बाद निवेश का यह प्रवाह और तेजी से बढ़ेगा।

समकालीन विश्व में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की संप्रभुता और आर्थिक स्थिरता की पहली शर्त है। भारत, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं में विविधता लाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, के लिए कनाडा एक आदर्श और विश्वसनीय भागीदार साबित हो सकता है। मार्च 2026 में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा के दौरान असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा विभाग और कनाडाई कंपनी के बीच 2.6 अरब कनाडाई डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते को अंतिम रूप दिया गया।इसके अतिरिक्त, दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसे दुर्लभ खनिज आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए रीढ़ की हड्डी हैं। भारत ने जी7 क्रिटिकल मिनरल्स एक्शन प्लान का भी समर्थन किया है। इस प्रकार, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण, ग्रिड आधुनिकीकरण और हाइड्रोजन तकनीक में कनाडा की विशेषज्ञता और भारत का विशाल बाजार दोनों देशों के लिए एक विन-विन स्थिति का निर्माण करते हैं।

भारत और कनाडा के संबंधों का सबसे जीवंत और संवेदनशील पहलू दोनों देशों के बीच पीपुल-टू-पीपुल संपर्क है। वर्तमान में कनाडा में 20 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था, राजनीति और सामाजिक ताने-बाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कनाडाई शिक्षा प्रणाली भारतीय छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक रही है। 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, कनाडा के सेवा निर्यात का एक बहुत बड़ा हिस्सा शिक्षा से जुड़े भारतीय छात्रों के माध्यम से आता है।विदेश मंत्री स्तर की इस हालिया वार्ता में दोनों देशों ने प्रवासन और गतिशीलता को सुव्यवस्थित करने पर विशेष बल दिया है। पिछले कुछ समय में वीजा और स्थायी निवास प्रक्रियाओं में आई सुस्ती को दूर करने के लिए कूटनीतिक मिशनों में कर्मचारियों की संख्या को फिर से बढ़ाने पर सहमति बनी है। भारतीय छात्रों और पेशेवरों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता रही है, और कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आनंद–जो स्वयं भारतीय मूल की हैं–ने इस मोर्चे पर व्यावहारिक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

सुरक्षा और रणनीतिक मोर्चे पर, भारत और कनाडा दोनों ही एक मुक्त, खुले, समावेशी और नियम-आधारित भारत-प्रशांत क्षेत्र के समर्थक हैं। वैश्विक मंच पर चीन की बढ़ती आक्रामकता और आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान को देखते हुए, दोनों लोकतांत्रिक देशों का एक साथ आना वैश्विक संतुलन के लिए आवश्यक है।अतीत के कड़वे अनुभवों से सीखते हुए दोनों पक्षों ने सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी ग्रिड पर खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान को मजबूत करने का निर्णय लिया है। कनाडा की धरती का भारत विरोधी तत्वों द्वारा कूटनीतिक दुरुपयोग भारत के लिए हमेशा से एक रेड-लाइन रहा है। हालांकि, हाल ही में रॉयल कनाडाई माउंटेड पुलिस और नई कनाडाई सरकार द्वारा अपनाए गए संतुलित रवैये ने नई दिल्ली को यह विश्वास दिलाया है कि ओटावा अब अपनी आंतरिक सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को लेकर अधिक गंभीर है। दक्षिण अफ्रीका में आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान होने वाली संभावित द्विपक्षीय बैठक इस रणनीतिक साझेदारी को और अधिक वैचारिक स्पष्टता प्रदान करेगी। जयशंकर और आनंद की इस ऐतिहासिक बैठक और उसके बाद दोनों देशों द्वारा जारी किया गया संयुक्त रोडमैप यह स्पष्ट करता है कि भारत और कनाडा के संबंध अब परिपक्वता के एक नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं। इतिहास गवाह है कि राजनयिक संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन एक कुशल राष्ट्र वही है जो क्षणिक विवादों को अपने दीर्घकालिक विकास की राह में बाधा न बनने दे।आगामी दिसंबर 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित कनाडा यात्रा इस कूटनीतिक पुनरुद्धार की पराकाष्ठा होगी। 2015 की यात्रा ने जहां एक मजबूत ढांचा तैयार किया था, वहीं 2026 की यह आगामी यात्रा इसे क्रियान्वयन के धरातल पर उतारेगी। व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, तकनीकी सुरक्षा और शिक्षा के साझा पहियों पर सवार होकर भारत और कनाडा की यह नई कूटनीतिक यात्रा वास्तव में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को एक अभूतपूर्व और स्थायी ऊंचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वैश्विक पटल पर यह बदलाव केवल दो देशों का मिलन नहीं, बल्कि दो महान लोकतंत्रों की व्यावहारिक सूझबूझ की एक बड़ी विजय है।

पाकुड़ की खबरें

फर्जी कंप्यूटर प्रमाणपत्र के नाम पर 15 लाख की ठगी, यूपी का आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। फर्जी कंप्यूटर प्रमाणपत्र और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर करीब 15 लाख रुपये की कथित ठगी के मामले में नगर थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी रामगोपाल त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी दस्तावेज, स्टांप पेपर और कई सिम कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।मामले की शुरुआत तलवाडांगा निवासी आइटी कंप्यूटर सेंटर संचालक रोहन कुमार गुप्ता की शिकायत से हुई। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में रामगोपाल त्रिपाठी ने पाकुड़ समेत गोड्डा, चतरा, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों को कंप्यूटर प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा देकर करीब 15 लाख रुपये लिए थे। रकम लेने के बाद आरोपी ने वेबसाइट और संपर्क नंबर बंद कर दिए, जिससे उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था। बताया गया कि हाल के दिनों में तकनीकी माध्यम से आरोपी का मोबाइल नंबर फिर सक्रिय होने की जानकारी मिली। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उससे संपर्क साधा। आरोपी को विश्वास में लेने के लिए एक हजार छात्रों के कंप्यूटर प्रमाणपत्र बनवाने का प्रस्ताव दिया गया। बातचीत के बाद प्रति छात्र 2200 रुपये की दर से कथित तौर पर सौदा तय हुआ। इसके बाद आरोपी को प्रमाणपत्र संबंधी काम के सिलसिले में पाकुड़ बुलाया गया।आरोपी के पाकुड़ पहुंचते ही शिकायतकर्ता और आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया तथा इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

तेज रफ्तार टेम्पो पलटा, छात्रा की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-धरमपुर मुख्य सड़क पर सोनधानी गांव के समीप सोमवार को तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टेम्पो सवार 14 वर्षीय छात्रा स्वीटी पहाड़िन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।मृतका के दादा जाबरा पहाड़िया ने बताया कि स्वीटी बचपन से ही अनाथ थी। माता-पिता के निधन के बाद उन्होंने ही उसे बेटी की तरह पाल-पोसकर बड़ा किया था। स्वीटी पिछले दो वर्षों से लिट्टीपाड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही थी।उन्होंने बताया कि सोमवार को विद्यालय की ओर से सूचना मिली कि स्वीटी की तबीयत खराब है। सूचना मिलते ही वह विद्यालय पहुंचे और पोती को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। वहां प्राथमिक उपचार कराने के बाद वह स्वीटी को टेम्पो से अपने गांव जोरडीह पंचायत के तीतलीपहाड़ ले जा रहे थे।इसी दौरान सोनधानी गांव के समीप तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित हो गया और बीच सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में स्वीटी को गंभीर चोटें आईं और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टेम्पो को जब्त कर लिया गया है। चालक को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ट्रक चालकों से कथित अवैध वसूली का आरोप, थाना पहुंचे मालिक और चालक

हिरणपुर (पाकुड़)। मानसिंहपुर क्षेत्र में ट्रक चालकों से कथित अवैध वसूली, मारपीट और वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप को लेकर रविवार को कई ट्रक मालिक एवं चालक हिरणपुर थाना पहुंचे। उन्होंने थाना में लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना में दिए आवेदन में ट्रक मालिकों ने बताया कि वे मानसिंहपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से माल लेकर पीडब्ल्यूडी सड़क के रास्ते ट्रकों का परिचालन करते हैं। आरोप है कि कुछ ग्रामीण लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर सड़क पर पहुंचकर ट्रकों को जबरन रोकते हैं तथा चालकों से रुपये की मांग करते हैं। राशि देने से इनकार करने पर गाली-गलौज, मारपीट और वाहनों में तोड़फोड़ किए जाने का आरोप लगाया गया है।शिकायतकर्ताओं के अनुसार, मानसिंहपुर क्षेत्र में सड़क पर पत्थर रखकर ट्रकों का आवागमन बाधित किया जा रहा है। वहीं महारो गांव से काशिला मोड़ तक कई स्थानों पर पत्थर और बांस लगाकर रास्ता रोकने तथा वाहनों से पांच से छह हजार रुपये तक की कथित वसूली किए जाने का आरोप है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि 22 सितंबर से उक्त मार्ग पर ट्रकों का परिचालन जबरन बंद कराया गया है।ट्रक मालिकों का कहना है कि मार्ग बाधित होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही ट्रक चालक और खलासी भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन देकर मामले की जांच, सड़क पर यातायात बहाल कराने तथा कथित अवैध वसूली, मारपीट एवं तोड़फोड़ के आरोपों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

अमड़ापाड़ा बाजार की बदहाल सड़क को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। जर्जर सड़क और जलजमाव की गंभीर समस्या से परेशान अमड़ापाड़ा के ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को सड़क पर देखने को मिला। मुख्य बाजार की बदहाल सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने सुबह करीब नौ बजे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और कोयला परिवहन को रोक दिया। करीब चार घंटे तक कोयला लदे वाहनों का परिचालन बाधित रहने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।ग्रामीणों का कहना है कि अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार से होकर गुजरने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। हाल में हुई बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है। पानी में गड्ढों का अंदाजा नहीं लगने के कारण राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पहले मुख्य बाजार मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। बाद में आम लोगों की परेशानी को देखते हुए मुख्य सड़क से जाम हटा लिया गया, लेकिन कोयला वाहनों का परिचालन करीब चार घंटे तक रोके रखा। ग्रामीणों ने कहा कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क की स्थिति और खराब हो रही है। ऐसे में सड़क की स्थायी मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था तत्काल जरूरी है।ग्रामीणों के विरोध की सूचना मिलने पर डीबीएल के प्रतिनिधि राजेश कर्ण और बीजीआर के प्रतिनिधि सुरेश सिंह जाम स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ सकारात्मक वार्ता हुई और सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की पहल का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और कोयला वाहनों का परिचालन पुनः शुरू हो गया।ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क का तत्काल निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत कराने, जलजमाव की समस्या दूर करने तथा स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।प्रदर्शन के दौरान अमन कुमार, निखिल कुमार, विशाल कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

झामुमो ने आक्रोश मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए शिबू सोरेन चौक पर उनका पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली एवं हरिवंश चौबे ने संयुक्त रूप से किया।इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने झामुमो जिला कार्यालय से शिबू सोरेन चौक तक आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ÷ज्ञानेश कुमार मुर्दाबाद÷, ÷ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़ो÷, ÷ज्ञानेश कुमार हाय-हाय÷ तथा ÷मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी नहीं चलेगी÷ जैसे नारे लगाए। पुतला दहन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, हरिवंश चौबे, जिला सचिव माईकिल मुर्मू तथा पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य श्याम यादव ने चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त के निर्णयों पर सवाल उठाए। नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा कई निर्णय मनमाने तरीके से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी इन निर्णयों का विरोध करती है और राष्ट्रपति से मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग करती है।झामुमो नेताओं ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मामलों में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता आवश्यक है। पार्टी ने इन्हीं मुद्दों को लेकर राज्य के जिला मुख्यालयों में विरोध कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, केंद्रीय समिति सदस्य सह युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, केंद्रीय समिति सदस्य उमर फारूक, मिथिलेष घोष, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, महिला जिला सचिव सुशीला देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष कदम रसूल, जिला संगठन सचिव अनरुद्दीन मियां, जिला सह सचिव जहूर आलम, कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, लाल मुहम्मद, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम समेत विभिन्न प्रखंडों एवं मोर्चों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।इसके अलावा अमड़ापाड़ा, महेशपुर, पाकुड़िया, लिट्टीपाड़ा सहित विभिन्न प्रखंडों से आए पार्टी पदाधिकारी, जिला सदस्य एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

भगत सिंह की जयंती पर एबीवीपी ने किया माल्यार्पण

संताल एक्सप्रेस महेशपुर (पाकुड़)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की महेशपुर नगर इकाई की ओर से सोमवार को शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर भगत सिंह चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सरोज पांडेय एवं नगर मंत्री रोहित यादव ने संयुक्त रूप से भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला संयोजक सन्नी तिवारी ने कहा कि भगत सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से युवाओं में नई चेतना जगाई। आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज के हित में योगदान देना चाहिए।नगर अध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि भगत सिंह केवल क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि युवाओं के लिए विचार और प्रेरणा के प्रतीक हैं।

सड़क पर फिसली बाइक, आग लगने से मचा हड़कंप,जलकर हुआ राख

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के शहरग्राम-पोखरिया लिंक रोड पर रविवार देर रात एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे के तुरंत बाद बाइक में आग लग गई, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, बाइक सवार ने किसी तरह मौके से दूर हटकर अपनी जान बचा ली।स्थानीय लोगों के अनुसार, मोटरसाइकिल पोखरिया की ओर से शहरग्राम जा रही थी। इसी दौरान सड़क पर अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक गिर गई। बाइक के सड़क पर गिरते ही उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। चालक किसी तरह बाइक से दूर चला गया, जिससे वह सुरक्षित बच गया। बाद में स्थानीय लोगों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से अमड़ापाड़ा से पाकुड़ की ओर हाइवा वाहनों से कोयले का परिवहन होता है। वाहनों के आवागमन के कारण सड़क पर कोयले का डस्ट जमा रहता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है।

मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा को लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को पाकुड़ में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ. तनवीर आलम के नेतृत्व में नया डीसी मोड़ स्थित शहीद अमरजीत बलिहार चौक से समाहरणालय तक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, पात्र नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा तथा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े मुद्दे उठाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान किसी भी पात्र नागरिक का नाम अनुचित तरीके से प्रभावित नहीं होना चाहिए। एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ उचित सत्यापन, आपत्ति दर्ज कराने और सुनवाई की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।मार्च के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्य निवार्चन आयुक्त, सहित केंद्रीय गृह मंत्री आदि का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, युवा जिलाध्यक्ष बिलाल शेख, प्रखंड अध्यक्ष मनसारुल हक, शाहीन परवेज, पियारुल शेख, मुख्तार हुसैन सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भारत निवार्चन आयोग के सचिव ने एसआईआर को लेकर की समीक्षात्मक बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संजीव कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में एसआईआर-2026 को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।आयोग के सचिव ने निर्धारित समय-सीमा में पुनरीक्षण कार्य पूरा करने तथा किसी भी पात्र मतदाता को सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहने देने पर जोर दिया। उन्होंने अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने और दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया।बैठक में सुनवाई के दौरान ईआरओ एवं एईआरओ के समक्ष आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर भी चर्चा हुई। सचिव ने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा निर्धारित तिथि तक सभी सुनवाई संबंधी कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने बताया कि निर्धारित 11 दस्तावेजों में से कम से कम एक वैध दस्तावेज उपलब्ध होना आवश्यक है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए सरल मामलों का प्राथमिकता से निष्पादन करने तथा संदिग्ध मामलों में आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्देश दिया।

रक्तदान शिविर का आयोजन

पाकुड़। जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रक्त अधिकोष (ब्लड बैंक), पाकुड़ में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मियों और प्रतिनिधियों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान कुल 87 यूनिट रक्तदान किया गया।शिविर में पुलिस विभाग, स्टोन माइनिंग एवं कोल माइनिंग, जिला खनन विभाग, अलुबेरा बटालियन पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, इंसानियत फाउंडेशन, गरीबों का मसीहा एवं नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों और संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता रही। अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों के आगे आने से रक्तदान के प्रति सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश गया। रक्तदान में पुलिस विभाग की ओर से 35 यूनिट, स्टोन माइनिंग एवं कोल माइनिंग से 28 यूनिट, अलुबेरा बटालियन पुलिस से 6 यूनिट, स्वास्थ्य विभाग से 2 यूनिट, इंसानियत फाउंडेशन से 3 यूनिट, गरीबों का मसीहा से 3 यूनिट, नगर परिषद से 4 यूनिट तथा अन्य माध्यमों से 6 यूनिट रक्तदान किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि रक्त की जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है।

दुर्गापूजा में सीसीटीवी से होगी निगरानी हर पंडाल में आपातकालीन गेट अनिवार्य

संवाददाता

दुमका। आगामी दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात, बिजली, पेयजल, चिकित्सा और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पूजा समितियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने, सीसीटीवी लगाने और भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर पंडालों और मेला परिसरों में आवश्यक इंतजाम सुनिश्चितह्यह्यह्य किए जाएंगे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच भी की जाएगी। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को पूरे शहरी क्षेत्र में निर्बाध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को पंडालों और पूजा स्थलों पर सुरक्षित बिजली कनेक्शन तथा निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करने को कहा गया। बिजली बाधित होने की स्थिति से निपटने के लिए पूजा समितियों को जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया गया।

मतदाता सूची में गड़बड़ी उजागर करने पर भाजपा नेताओं पर एफआईआर, डीसी से मिलकर दी आंदोलन की चेतावनी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सरैयाहाट प्रखंड के बूथ संख्या-319 की मतदाता सूची में कथित फर्जीवाड़े का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मतदाता सूची में विसंगतियों की शिकायत करने वाले भाजपा नेताओं पर ही प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दुमका उपायुक्त से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची के अवलोकन के दौरान यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि बूथ संख्या-319 पर कई मकानों में असामान्य रूप से भारी संख्या में मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इसे लेकर भाजपा द्वारा नियुक्त बीएलए-2 राम प्रकाश मंडल ने नियमानुसार प्रपत्र-7 के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। भाजपा का आरोप है कि इस गड़बड़ी का भौतिक सत्यापन करने के बजाय उह्यल्टा शिकायतकर्ता राम प्रकाश मंडल और मंडल अध्यक्ष दिनेश कापरी के खिलाफ ही 25 सितंबर 2026 को सरैयाहाट थाने में केस (कांड संख्या 112/26) दर्ज कर दिया गया।

इस एकतरफा कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन ने कहा कि गड़बड़ियों की जांच करने के बजाय शिकायत करने वाले कार्यकर्ताओं पर ही मुकदमा लाद देना पूरी तरह से अनुचित और अलोकतांत्रिक है। उन्होंने प्रशासन को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली गई और मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

सहायक समाहर्ता ने प्रमाण पत्रों के पेंडिंग मामलों पर जतायी सख्ती, कहा- जनता को न हो परेशानी

दुमका। आमजनों को सरकारी सुविधाओं का लाभ समय पर मिले और उन्हें बेवजह दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी कड़ी में सोमवार को सहायक समाहर्ता अवनीश कुमार सिंह ने रानेश्वर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में चल रहे विभिन्न कामकाज का जायजा लिया, जिसमें उनका मुख्य फोकस जाति और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने की मौजूदा प्रक्रिया और पेंडिंग फाइलों पर रहा। निरीक्षण के क्रम में सहायक समाहर्ता ने लंबित आवेदनों की स्थिति की गहन जांच की। उन्होंने अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक और अन्य कार्यालय कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र से जुड़े जितने भी लंबित आवेदन हैं, उनका नियमानुसार जल्द से जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रमाण पत्र बनाने के काम में कोई भी बेवजह की देरी नहीं होनी चाहिए और बिना किसी ठोस कारण के कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए।

दुमका बाईपास में जल्द शुरू होगा मरम्मत कार्य : डीसी

दुमका । नगर के बाईपास सड़क पर सफर करने वाले लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों और क्षतिग्रस्त रास्तों के कारण लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर हो गया है। उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा ने आम लोगों और वाहन चालकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, देवघर के कार्यपालक अभियंता को एक पत्र भेजकर दुमका बाईपास सड़क की तत्काल मरम्मती और पैचवर्क का काम शुरू करने का कड़ा निर्देश दिया है। इस मामले को सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा हुआ बताते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जनसुरक्षा के इस अत्यंत संवेदनशील विषय पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश के अनुसार, विभागीय अधिकारियों को तुरंत सड़क का जमीनी निरीक्षण करने और इसकी वास्तविक स्थिति का सही आकलन करते हुए अविलंब मरम्मत कार्य शुरू करने को कहा गया है, ताकि लोगों को एक सुरक्षित और सुगम मार्ग मिल सके।

प्रपत्र-7 छीनने, जेवर व नकदी ले जाने का आरोप, भाजपा कार्यकर्ता ने थाने में दिया आवेदन

सरैयाहाट। बाबूडीह गांव में प्रपत्र-7 को लेकर चल रहा विवाद अब एक नए आरोप के साथ और गहराता नजर आ रहा है। बाबूडीह निवासी राम प्रकाश मंडल ने गांव के ही इस्लाम मियां, अहमद अंसारी, महबूब अंसारी और रुस्तम अंसारी के खिलाफ घर में घुसकर प्रपत्र-7 छीनने, घर में रखे आभूषण व नकदी ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार राम प्रकाश मंडल ने स्वयं को भाजपा का बूथ स्तरीय अभिकर्ता-2 (बीएलए-2) बताते हुए कहा है कि निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रपत्र-7 को लेकर आरोपित उनके घर पहुंचे। आरोप है कि उन्हें घर में बंधक बनाकर प्रपत्र-7 छीन लिया गया। इसके बाद घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब पांच भर चांदी के आभूषण और दो हजार रुपये नकद ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में राम प्रकाश मंडल ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

नाबार्ड के सहयोग से चेतना विकास ने लगाया शिविर

सरैयाहाट । ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नाबार्ड के सहयोग से संचालित टीआरआईबीईएस परियोजना के तहत चेतना विकास, देवघर की ओर से सोमवार को सरैयाहाट प्रखंड के समय और औराबारी गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोनों गांवों के कुल 198 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने सहयोग किया।

झामुमो का चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया विरोध

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की ओर से सोमवार को दुमका के पोखरा चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिलाध्यक्ष शिव कुमार बास्की ने किया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली तथा मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध जताया। झामुमो ने राज्य के जिला मुख्यालयों में 28 सितंबर को विरोध कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया था। इस मौके पर जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, जिला सचिव निशात वरण गालदार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मरांडी, जिला सचिव सबिता टुडू, जिला संगठन सचिव रवि यादव, केंद्रीय समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष विजय दास, नगर सचिव मो. आरिफ, नगर कोषाध्यक्ष दीपक केवट, नगर उपाध्यक्ष अमित रक्षित, दुमका प्रखंड सचिव विजय मल्लाह, मसलिया प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव टुडू, रानीश्वर प्रखंड अध्यक्ष बाबूजन हेंब्रम, विभीषण मुर्मू, नंदलाल राउत, जब्बार अंसारी, चुंडा हेंब्रम, प्रभु हांसदा, मुन्ना बास्की और बाबूलाल मुर्मू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का आक्रोश जुलूस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। दुमका जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस भवन से लेकर समाहरणालय तक एक विशाल आक्रोश जुलूस निकाला।

यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ किया गया, जिन पर भाजपा के पक्ष में काम करने, नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह के निर्देश पर कथित तौर पर वोट चोरी करने और एसआईआर में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पूर्व के चुनाव आयुक्तों के बयानों और लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस विषय की सत्यता प्रमाणित होने के बाद ज्ञानेश कुमार को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कार्यक्रम में मजीद अंसारी, मतीन अंसारी, सागेन टुडू, राजीव जयसवाल, सत्यनारायण यादव, रोहित रंजन, अशोक यादव, श्याम सुंदर भगत, तोबीयस मुर्मू, सुनील हेंब्रम, सुनील किस्कू, पोलुस मुर्मू, विलियम टुडू, कुंदन यादव, विवेक मंडल, खुर्शीद आलम, मानू खान, राजेश्वर किस्कू, सुबोध मंडल, नगमा खातून, गीता हेंब्रम, प्रीतम मंडल, मो. अनवर, विजय मरांडी, शेख रियाज, दीपक यादव, धनी राम बास्की, मिट्ठू यादव, कन्हाई रजक, रूपेश सिंह, पुतिलाल टुडू, अंजन कुमार दास, इनोसेंट टुडू, अजय कुमार वैद्य, रोहित कुमार द्रवे, कालीदास हेंब्रम, भोता हेंब्रम, चेतन हेंब्रम, जोएल टुडू, अविनाश टुडू, राजेंद्र मुर्मू, मार्शीलाल मुर्मू, जगन्नाथ मुर्मू, नरेश मरांडी और सैकड़ों की संख्या में जिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चोरों ने 20 पोल के तार चुराए, किसानों में आक्रोश

जरमुंडी। जरमुंडी प्रखंड के राजासिमरिया पंचायत अंतर्गत खुटहरी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने कृषि फीडर के 20 पोलों से बिजली के तार काटकर चुरा लिए। तार चोरी की इस बड़ी घटना के बाद किसानों में भारी आक्रोश है और आगामी रवि फसल पर संकट मंडराने लगा है। बताया जाता है कि किसानों को सिंचाई सुविधा देने के लिए विद्युत विभाग द्वारा अलग से कृषि लाइन बिछाई गई थी। इसी लाइन से खुटहरी सहित आसपास के किसानों के खेतों में पटवन होता था। सुनसान का लाभ उठाकर चोरों ने एक साथ 20 पोलों से तार साफ कर दिया। तार चोरी से खेतों में पानी नहीं पहुंचने से गेहूं, सरसों, चना की फसल बर्बाद होने की आशंका है।

मसलिया में तूफान ने तबाह की करेला की फसल

मसलिया। मसलिया प्रखंड क्षेत्र में बीते शनिवार आए अर्णव तूफान ने जनजीवन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज आंधी और बारिश के कारण कई गांवों में कच्चे मकानों की छतें उड़ गईं, जिससे लोगों के आशियाने उजड़ गए। वहीं सड़क किनारे और खेतों में लगे सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए। इससे वन संपदा को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान का सबसे अधिक असर किसानों की करेला की फसल पर पड़ा है। तेज हवा के कारण खेतों में बांस-बल्लियों से तैयार किए गए करेला के मचान जमींदोज हो गए और उस पर लगी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई।

देवघर की खबरें

देवघर के डॉ. एन.डी. मिश्रा को मिला गोल्ड मेडल

देवघर संताल एक्सप्रेस । एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी ऑथ्याल्मोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया द्वारा कोलकाता में आयोजित 25वें इंटरनेशनल असेंबली ऑफ कम्युनिटी ऑथ्याल्मोलॉजिस्ट सम्मेलन में देवघर के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. एन.डी. मिश्रा को 'कम्युनिटी ऑथ्याल्मोलॉजिस्ट ऑफ झारखंड' के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। संताल परगना एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ. मिश्रा को यह सम्मान सामुदायिक नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान एवं सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति रामवरण यादव ने डॉ. मिश्रा को गोल्ड मेडल प्रदान किया।

देवघर की प्राची प्रिया करेगी अपने नेता को जानें कार्यक्रम में झारखंड का प्रतिनिधित्व

देवघर संताल एक्सप्रेस । रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर की अंग्रेजी विभाग की छात्रा एवं एनएसएस इकाई-01 की उत्कृष्ट स्वयंसेविका प्राची प्रिया का चयन अपने नेता को जानें कार्यक्रम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली स्थित संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'मेरा युवा भारत' द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्राची प्रिया 1 अक्टूबर को विमान से नई दिल्ली रवाना होंगी और 2 अक्टूबर को कार्यक्रम में भाग लेंगी। विश्वविद्यालय में आयोजित एनएसएस स्थापना दिवस समारोह में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-03 की स्वयंसेविका अंशु कुमारी, सेमेस्टर-7, हिस्ट्री मेजर को एनएसएस में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर 'बेस्ट वॉलेंटियर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। एनएसएस इकाई-03 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. करुणा पंजियारा, सदस्य डॉ. सीमा सिंह, डॉ. बिपिन कुमार एवं आशा कुमारी ने भी उन्हें बधाई दी।

एबीवीपी ने मनायी भगत सिंह की जयंती

मधुपुर । शहर के भगत सिंह चौक पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुपुर इकाई द्वारा सोमवार को शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव ने की. इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रभक्त साथियों ने शहीद भगत सिंह जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके त्याग, साहस, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम को स्मरण किया. मौके पर शुभम सिंह, दिवाकर कुमार, करण यादव, राशिद खान, सागर जयसवाल, अभिषेक दास, कुणाल दास, धीरज दास, फुरकान अंसारी, सचिन दास, शिव झा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं राष्ट्रभक्त साथी उपस्थित रहे.

9-10 अक्टूबर को सैन्य उपकरणों की होगी प्रदर्शनी

देवघर। जिले के युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया, शारीरिक और चिकित्सा मानकों की जानकारी देने के लिए 9 और 10 अक्टूबर को विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया जाएगा। संभावित दो दिवसीय आयोजन में फ्री मेडिकल कैंप के साथ हथियार और सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसे लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में रामगढ़ कैंट के कमांडिंग ऑफिसर और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में सेना भर्ती जागरूकता अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

साइबर ठगी के आरोप में पांच गिरफ्तार फर्जी कस्टमर केयर बनकर करते थे ठगी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । साइबर अपराध के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत देवघर पुलिस ने 27 सितंबर को सारठ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पांच संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी फर्जी कस्टमर केयर प्रतिनिधि, एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी और पीएम किसान योजना के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सारठ थाना क्षेत्र में कुछ लोग फ्लिपकार्ट, अमेजन पे, गूगल पे और फोनपे के कस्टमर केयर प्रतिनिधि तथा एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पांच लोगों को पकड़ा गया। उनके मोबाइल फोन और सिम की

प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी में संलिप्तता के संकेत मिले हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सरफराज आलम, बरमसिया, सारठ; विजय कुमार दास, सिमरातरी, पाथरौल; शिवम कुमार दास, चरकमारा, सारठ; नितेश कुमार, दौंदिया, सोनारायठाड़ी और अभय कुमार दास, लेड़वा, पाथरौल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी कैशबैक का झांसा देकर फर्जी गूगल पे, फोनपे और पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनते थे। इसके अलावा पीएम किसान योजना, बिजली बिल और आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल का एक्सेस लेने की कोशिश करते थे। एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से कार्ड बंद करने और दोबारा चालू कराने के नाम पर भी ठगी की जाती थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन और आठ सिम कार्ड बरामद किए हैं। तकनीकी जांच में जब्त मोबाइल नंबर और आईएमईआई नंबरों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, सरफराज आलम देवघर साइबर थाना कांड संख्या 125/25 और दुमका के शिकारीपाड़ा थाना कांड संख्या 115/24 में भी आरोपित रहा है।

भगत सिंह को जयंती पर किया गया याद

मधुपुर । शहीद -ए -आजम भगतसिंह की जयंती शहर के भगत सिंह चौक पर समारोह पूर्वक मनायी गयी. मौके पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. मौके पर जनवादी चिंतक धनंजय प्रसाद ने भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनकी प्रासंगिकता पर जोर दिया.साथ ही उन्होंने खोरठा साहित्य के पुरोधा व इंजोर पत्रिका के संरक्षक डॉ ए के झा को भी स्मृति दिवस पर याद किया और उनके जीवन व कृतियों पर प्रकाश डाला अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये. मौके पर सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर शंभूनाथ मोदी, मजदूर नेता प्रवीण शरण, समाजसेवी सुरेश गुप्ता, सीटू, मनोज झा, मजदूर नेता सुरेश हेम्ब्रम व विक्की पुजारी सहित कई लोग शामिल थे.

डिपसर में हिंदी पखवाड़ा समारोह का समापन

देवघर । देव संघ इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड एजुकेशनल रिसर्च (डिपसर), देवघर में 14 से 28 सितंबर 2026 तक आयोजित हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा समारोह-2026 का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन के साथ विद्यार्थियों में हिंदी को राजभाषा के रूप में अपनाने के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रजनीश पांडेय एवं उप-प्राचार्य प्रो. (डॉ.) बबीता कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान प्राध्यापकों एवं छात्र-प्रशिक्षुओं के लिए विभिन्न साहित्यिक,भाषाई एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह की शुरुआत अर्चना कुमारी की सरस्वती वंदना से हुई। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रजनीश पांडेय ने हिंदी के महत्व एवं राजभाषा के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। आकांक्षा कुमारी ने भाषण प्रस्तुत किया।

कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे को लेकर निकाला पैदल मार्च

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । सोमवार को देवघर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गांधी प्रतिमा,टावर चौक से अंबेडकर चौक होते हुए समाहरणालय तक पैदल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र दास ने की। मार्च के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण , मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की निर्णय प्रक्रिया तथा आईटी प्रणाली एवं डेटा प्रबंधन को लेकर सवाल उठाए। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अवधेश प्रजापति, राजेश बरनवाल, गणेश दास, दीपक सिंह राजपूत, मकसूद आलम, रवि केसरी, विकास रावत, संजीव चौधरी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

झामुमो ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पुतले का दहन कर जताया विरोध

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में देवघर में पुतला दहन का सिलसिला जारी है। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर देश के करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलम देवी, सचिव दिनेश्वर किस्कू, महापौर रवि राउत, उप महापौर टिप चटर्जी, वरिष्ठ नेता सुरेश शाह सहित लड्डू नरोने, श्यामाकांत झा, गोपेश्वर हरि, हीरा देवी, सरस्वती देवी, रंजन गुप्ता, बम-बम झा, सफीक अंसारी, राकेश कर्महे, मुकेश राउत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

डीसी ने की एससी-एसटी मामलों की समीक्षा

संवाददाता

देवघर। अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिले में दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। बैठक में दुमका सांसद नलिन सोरेन भी मौजूद रहे। समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त की

अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता-सह-मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। इसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और संशोधित नियम, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। दर्ज मामलों की कानूनी प्रगति और पीड़ितों को दी जाने वाली राहत व मुआवजा राशि की स्थिति की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने पुलिस और अभियोजन अधिकारियों को अधिनियम के तहत लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने और कानूनी प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में सांसद नलिन सोरेन के अलावा मंत्री और विधायक के प्रतिनिधि, समिति के सदस्य, जिला कल्याण पदाधिकारी, हेडक्वार्टर डीएसपी, एडीएसएस, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

मिस मधुपुर को भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने किया सम्मानित

मधुपुर । बीते दिनों शहर के कॉलेज रोड स्थित रॉयल प्लाजा में आयोजित मिस्टर मधुपुर व मिस मधुपुर प्रतियोगिता में राखी विश्वकर्मा को मिस मधुपुर का खिताब मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राखी को सम्मानित किया. भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्त्ता सपना विश्वकर्मा की बेटी राखी ने इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को हराकर यह खिताब अपने नाम किया है. मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने राखी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप इसी तरह आगे बढ़ते रहिए व मधुपुर का नाम रौशन करिये।

स्किल बर्थ अटेंडेंट प्रशिक्षण का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । सदर अस्पताल देवघर में स्किल बर्थ अटेंडेंट प्रशिक्षण के छठे दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय प्रसवोत्तर रक्तस्राव का प्रबंधन रहा। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रसव के बाद होने वाले अत्यधिक रक्तस्राव की शीघ्र पहचान, संभावित कारणों तथा तत्काल प्रबंधन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रसवोत्तर रक्तस्राव की स्थिति में समय पर पहचान और त्वरित उपचार बेहद महत्वपूर्ण है। प्रतिभागियों को आवश्यक चिकित्सकीय कदम, उपचार की प्रक्रिया तथा गंभीर स्थिति में मरीज को समय पर उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रभावी एवं समयबद्ध प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया।

साहिबगंज में कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज -निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में बदलाव तथा निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली एवं डेटा प्रबंधन से जुड़े सवालों को लेकर सोमवार को साहिबगंज जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा विरोध मार्च निकाला गया.विरोध मार्च में शामिल होने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं क्षेत्रों से कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता सुबह 10 बजे से ही बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जुटने लगे थे. लगभग 11:30 बजे सभी कांग्रेसियों गांधी चौक पहुंचे. जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विरोध मार्च की शुरुआत की.मार्च का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने किया.मार्च गांधी चौक से शुरू होकर पटेल चौक, ग्रीन होटल, कॉलेज रोड, पूर्वी रेलवे फाटक एवं सुभाष चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचा.मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, मतदाता अधिकार और संस्थागत जवाबदेही की मांग को लेकर नारे लगाएं.जिला समाहरणालय पहुंचने के बाद कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया.इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने साहिबगंज डीडीसी के माध्यम से अपना ज्ञापन सौंपा.जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि देश के लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता के वोट का महत्व है. मतदाता सूची में होने वाला कोई भी बदलाव निर्धारित प्रक्रिया और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए. निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर जो प्रश्न उठ रहे हैं.उनका स्पष्ट और संतोषजनक जवाब मिलना आवश्यक है.कांग्रेस की मांग है कि एसआईआर , मतदाता सूची में हुए बदलाव तथा निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली एवं डेटा प्रबंधन से जुड़े विषयों की स्वतंत्र और पारदर्शी समीक्षा हो. ताकि आम जनता का चुनावी प्रक्रिया में विश्वास और मजबूत हो.विरोध मार्च में अनुकूल चन्द्र मिश्रा, बासुकीनाथ यादव,मोहम्मद कलीमुद्दीन, अशोक कुमार दास, नवीद अंजुम,एस्थर मरांडी, अब्दुल खालेक सहित जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ

साहिबगंज में जागरूकता रैली का आयोजन

साहिबगंज -विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर सोमवार को सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान कीके नेतृत्व में जिला स्तरीय रेबीज जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. रैली का शुभारंभ सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से किया गया. रैली सीएचसी से निकल कर स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए गांधी चौक तक गई.रैली में सदर प्रखंड की सहिया, स्वास्थ्य कर्मी, शहरी क्षेत्र के एमओ, एएनएम, सहिया, प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य टीम, जिला स्तरीय टीम, सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी एवं विद्यालय की छात्राएं शामिल थी.रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न जन-जागरूकता नारों एवं संदेशों के माध्यम से आमजनों को रेबीज से बचाव एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया. रैली के गांधी चौक पहुंचने के पश्चात डॉ. राजेश द्वारा रेबीज की रोकथाम, कुत्ते या अन्य संदिग्ध पशु के काटने के बाद तत्काल किए जाने वाले उपाय, घाव को साबुन एवं बहते पानी से अच्छी तरह धोने, समय पर एआरवी लेने तथा झाड़-फूंक के बजाय तुरंत स्वास्थ्य संस्थान पहुंचने के संबंध में आमजनों को विस्तृत जानकारी दी.

कांग्रेस में शामिल हुए शेख मोअज्जम और शेख अब्दुल

साहिबगंज-जिले में कांग्रेस पार्टी ने संगठन विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पूर्व सैनिक शेख मोअज्जम अली एवं पूर्व सीपीआईएम नेता शेख अब्दुल कयूम को पार्टी की सदस्यता दिलाई.जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बरकत खान एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अनुकूल मिश्रा ने दोनों नेताओं का माला पहनाकर स्वागत किया.इस अवसर पर पूर्व सैनिक शेख मोअज्जम अली ने कहा कि राहुल गांधी के विचारों,जनहित के मुद्दों को लेकर उनकी सक्रियता और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है.वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा के अनुरूप समाज एवं संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे.कांग्रेस नेताओं ने दोनों नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी का जनाधार बढ़ेगा.मौके पर मो कलीमुद्दीन,बासकी यादव,मो सद्दाम हुसैन,मो औरंगजेब सहित अन्य लोग मौजूद थे.

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

तीनपहाड़- राजमहल प्रखंड अंतर्गत जेएसएलपीएसलखीपुर संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा सोमवार को आयोजन हुई. जिसमे मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बारीक शेख और लखीपुर पंचायत की मुखिया उपस्थित थे. वही आम सभा की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया.कार्यक्रम के दौरान एजीएम में संगठन की वार्षिक प्रगति, वित्तीय स्थिति, बैंक लिंकेज, आजीविका, लखपति दीदी एवं महिला सशक्तिकरण की समीक्षा की गई. तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना एवं बजट पर चर्चा किया गया. साथ ही एसएचजी एवं भीओ को मजबूत बनाने तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया. मौके पर जेएसएलपीएस बीएपी सादिकुल अलाम, सीसी संतोष कुमार, पीआरपी नंदिनी कुमारी के साथ संकुल के कार्यरत कैडर एवं सखी मंडल की सदस्य उपस्थित थे .

जेएसएलपीएस समर्थित संगठन की प्रगति रिपोर्ट एवं लखपति दीदी पहल की समीक्षा

साहिबगंज - झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी समर्थित हाजीपुर संकुल संगठन सीएल एफ की वार्षिक आमसभा हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक हाजीपुर संकुल पदाधिकारी एवं उप प्रमुख रूबी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. आमसभा में संगठन की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट, वित्तीय स्थिति, बैंक लिंकेज, आजीविका संवर्धन और लखपति दीदी पहल की समीक्षा की गई. बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संकुल संगठन ने 11 लाख 60 हजार 839 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है. बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावित बजट एवं कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई. अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों को मजबूत बनाने, शत-प्रतिशत वित्तीय समावेशन, सुलभ बैंकिंग सेवाओं तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया.मौके पर डीएफएम राजेश राय, सदर बीपीएम डीएम- एसएमआईबी, डीएमएलएच सीसी पीआरपी बीएपी समेत बड़ी संख्या में संकुल स्तरीय कैडर स्वयं सहायता समूह की दीदियां एवं सीएलएफ पदाधिकारी मौजूद थे.

मजदूरों की मांगों को लेकर झारखंड मजदूर संघ ने चलाया जनसंपर्क अभियान

साहिबगंज-झारखंड मजदूर संघ की ओर से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव के नेतृत्व में सोमवार को कमल टोला,साहिबगंज स्टेशन चौक,गुड़ बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया. इस दौरान मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा करते हुए यूपीआई के माध्यम से 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर चार्ज/टैक्स लगाने की प्रस्तावित नियमावली को वापस लेने की मांग उठाई गई.केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि मजदूरों और आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाली किसी भी व्यवस्था का संघ विरोध करेगा.उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा और मांगों के समाधान के लिए सरकार एवं प्रशासन तक आवाज पहुंचाई जाएंगी.उन्होंने संघ के सदस्यों एवं मजदूरों से आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया.उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी.वहीं 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर डीसी साहिबगंज को मांग-पत्र सौंपा जाएगा.जनसंपर्क अभियान में रणधीर प्रसाद चौरसिया,दुर्योधन साह,महिला जिला अध्यक्ष सोनिया परवीन,जिला अध्यक्ष मनोज सोरेन,सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

साहिबगंज -घाट सेलमपुर गांव में 52 दिनों से बिजली गुल, अंधेरे में 35-40 घर

राजमहल सं राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के घाट जमनी पंचायत के घाट सेलमपुर गांव में पिछले 52 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है. गांव का 16 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के बाद अब तक उसे बदला नहीं गया है. इससे करीब 35-40 घरों के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं. सोमवार को ग्रामीणों ने जले ट्रांसफॉर्मर के पास खड़े होकर विभाग के प्रति नाराजगी जतायी.

16 अगस्त से बंद है बिजली

ग्रामीणों के अनुसार 16 अगस्त को सुबह करीब 11 बजे अचानक गांव की बिजली आपूर्ति बंद हो गयी. सूचना मिलने पर बिजली विभाग के मिस्त्री मौके पर पहुंचे और जांच के बाद ट्रांसफॉर्मर जलने की जानकारी दी. इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के प्रमंडल कार्यालय में लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया.

63 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगे विद्युत तार भी काफी जर्जर हो चुके हैं. उपभोक्ताओं की संख्या और बिजली लोड बढ़ने के कारण उन्होंने 16 केवी के स्थान पर 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद अब तक बिजली बहाल नहीं की गयी है. बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, पेयजल संकट बिजली नहीं रहने से गांव में रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित है. बच्चे रात में मोमबत्ती और लालटेन के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं. पंखा, फ्रिज, टीवी समेत अन्य बिजली उपकरण बंद पड़े हैं. पानी का मोटर नहीं चलने से पेयजल की समस्या भी बढ़ गयी है.ग्रामीणों ने बताया कि बारिश और बाढ़ का पानी आसपास जमा है. रात में बिजली नहीं रहने के कारण गांव में अंधेरा छाया रहता है. ऐसे में आने-जाने के दौरान सांप और बिच्छू का डर भी बना रहता है. जल्द बिजली बहाल करने की मांग ग्रामीण संतोष मंडल, वार्ड सदस्य संजय मंडल, गिरधारी मंडल, झंकन मंडल, दिलीप मंडल, घिसु मंडल, राजेश मंडल, नरेश मंडल, बहादुर मंडल, लालू वेवा, मंजू देवी, सुजाता देवी, गुलोदा देवी और अंजू देवी समेत अन्य ने जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है.बिजली विभाग के जेई नील गगन ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर जलने की सूचना मिली है. जल्द ही नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर गांव में बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी.

झामुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह एवं जिला सचिव सुरेश टुडू के संयुक्त नेतृत्व में झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को साहिबगंज जिला मुख्यालय के स्टेशन चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर जोरदार विरोध किया .इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा स्टेशन परिसर से स्टेशन चौक तक आक्रोश मार्च करते हुए ज्ञानेश कुमार मुर्दाबाद,ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़ो,ज्ञानेश कुमार हाय हाय,मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी नही चलेगी के नारे लगाएं.इस दौरान जिला अध्यक्ष अरुण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो नजरुल इस्लाम,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, सुरेश टुडू, मोहम्मद मारुफ, जिप अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री मोनिका किस्कू ने अपने अपने संबोधन में चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा मनमानीपूर्ण तरीके से लिये गए विभिन्न फैसलों के विरुद्ध जमकर बरसे. कहा कि आखिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लोकतंत्र के विरुद्ध जाकर मनमानीपूर्ण तरीके से लिए गए विभिन्न फैसले किसके इशारों पर लिया गए?.इस तरीके से मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा लिए गए फैसलों का हमारी पार्टी पुरजोर विरोध करती है और हमारी पार्टी राष्ट्रपति महोदया से यह मांग करती है मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को शीघ्र ही पदमुक्त करें.मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा ,केंद्रिय समिति सदस्य मुजिबुर रहमान,अखलाकुर रहमान,जंग पतना प्रखंड अध्यक्ष गुरु हेंब्रम सचिव मोहम्मद शाहबाज,बोरियो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू, सुबोध सोरेन,आयुब शेख,धर्मवीर कुमार महतो, अरशद अंसारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग के सचिव ने बरहेट में की समीक्षा

साहिबगंज - जिले में संचालित एसआईआर-2026 (विशेष गहन पुनरीक्षण) के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के सचिव संजीव कुमार प्रसाद का साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड में आगमन हुआ. इस अवसर पर वन प्रमंडल के अतिथि भवन में एसआईआर-2026 से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई. कार्यक्रम के दौरान डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने पुष्प गुच्छ भेंट कर भारत निर्वाचन आयोग के सचिव का स्वागत किया.समीक्षा के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संजीव कुमार प्रसाद ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि बरहेट (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदिवासी एवं पहाड़िया समुदाय के पात्र मतदाताओं का नाम किसी भी परिस्थिति में मतदाता सूची से विलोपित नहीं हो साथ ही मतदाता सूची में किसी भी अपात्र अथवा विदेशी व्यक्ति का नाम शामिल न हो.उन्होंने एसआईआर-2026 के तहत् प्राप्त दावा एवं आपत्ति से संबंधित दस्तावेजों तथा अभिलेखों का जायजा लिया. इस दौरान दस्तावेजों एवं अभिलेखों का सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. साथ ही दावा एवं आपत्ति से संबंधित मामलों की सुनवाई की प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित सुनवाई कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया.भारत निर्वाचन आयोग के सचिव ने बरहेट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पात्र मतदाताओं से संबंधित सुनवाई की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करें तथा प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करें. एसआईआर-2026 के तहत दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि 05 अगस्त 2026 से 30 सितंबर 2026 तक निर्धारित है.इस अवधि में प्राप्त सभी दावा एवं आपत्ति आवेदनों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.मौके पर निर्वाची पदाधिकारी, बरहेट सह अपर समाहर्ता विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू, सहित सभी संबंधित सहायक निर्वाची पदाधिकारी, बीएलओ एवं निर्वाचन कर्मी उपस्थित थे.

किसानों को मिली वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी

राजमहल -कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार तालझारी प्रखंड के भतभंगा पंचायत में आयोजित दो दिवसीय फसल सुरक्षा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता भतभंगा पंचायत की मुखिया सोरेन ने की.कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक प्ररिमल सिंह, पौधा संरक्षण केंद्र के ओम प्रकाश पंडित उर्फ बाबा, कृषि मित्र मुहम्मद मोईन अंसारी, किसान मुहम्मद सत्तार सहित कुल 55 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया.किसानों को अरहर, मक्का, मूंग, धान सहित दलहन एवं तिलहन फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान, रोकथाम एवं वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी किसानों के खेतों तक पहुंच कर दी गई. कीटनाशकों के प्रयोग में उनके रासायनिक नाम, निर्धारित मात्रा, सही समय तथा सुरक्षित उपयोग के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी गई. साथ ही खरीफ एवं रबी फसलों में फसल सुरक्षा उपाय अपनाने पर जोर दिया गया.कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक वरुण कुमार के मार्गदर्शन में किया गया.

झामुमो नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, स्थानीय पार्टी नेतृत्व व प्रशासन पर भेद-भाव करने का लगाया आरोप

संवाददाता

उधवा - झामुमो के स्थानीय नेता कबीर शेख ने झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर स्थानीय पार्टी नेतृत्व एवं प्रशासन पर भेद-भाव करने व सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया है.उन्होंने मामले को लेकर सोमवार को पत्र प्रेषित किया है.पत्र में उन्होंने बताया है कि मैं तीन दशक से दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के समय से ही सक्रिय राजनीति में हूं. मैं एक अल्पसंख्यक समुदाय से आता हूं और झामुमो के लिए एक जमीनी कार्यकर्ता का भूमिका बड़ी निष्ठा के साथ निभाता आ रहा हूं.विगत लोकसभा और विधानसभा चुनाव में राजमहल लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई है.क्षेत्र के आम जनता को आपके पार्टी से कुछ आशा और उम्मीदें भी बंधी है. उन्होंने पार्टी तथा स्थानीय प्रशासन पर उनके साथ भेद-भाव करने का भी आरोप लगाया है. उन्होंने पत्र में कहा कि इस क्षेत्र के पुराने राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता होने के बावजूद भी पार्टी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा वैधानिक विषय वस्तु, समस्या पर मेरा कोई बात नहीं सुना जा रहा है.यहां तक कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र के कथित कुछ पार्टी नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के द्वारा मेरे खिलाफ विरोधी से मिलकर साजिश रची जा रही और कथित तौर पर मेरा विपक्षी लोगों का साथ दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि उधवा अंचल अंतर्गत मौजा गाजियापाड़ा के अस्थायी जमीन का बंदोबस्त रैयत है. जमीन की बंदोबस्ती नवीनीकरण व लगान निर्धारण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल में वाद लंबित है.जिसका वाद संख्या 03/2016-17 तथा 02/2017-18 है. वर्तमान में उक्त जमीन का लगान दे रहे है.परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल के पत्रांक 155 दिनांक 09/05/2026 ,व 159 दिनांक 11/05/2026 और 160 दिनांक 11/05/2026 के आदेश को उधवा अंचल के अंचल निरीक्षक तथा राजस्व हल्का कर्मचारी द्वारा मनमानी कर जमीन से संबंधित मालिकाना हक आदि का प्रतिवेदन समर्पित नहीं कर रहे हैं. एवं लगातार कई महीनों से टाल मटोल कर रहे हैं.साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त जमीन में कई वर्षों से गेहूं आदि फसल लगाते आ रहे हैं. परन्तु पश्चिम बंगाल के कथित असामाजिक तत्वों एवं अपराधी गिरोह के द्वारा फसल काटकर लुट लिया. परन्तु पुलिस एवं प्रशासन की ओर से कोई उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है. पुलिस के कई वरीय अधिकारी विपक्षी से मिली भगत कर मुझे ही जेल भेजने की धमकी देते है. उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग किया है.वहीं स्थानीय पार्टी नेतृत्व ने आरोप को बेबुनियाद बताया है.

ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी संचालन न होने और सेविका पर लगाया फर्जीवाड़े का आरोप

संताल एक्सप्रेस राजमहल-राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर पंचायत के टेकबथान गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संचालन न होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया. साथ ही सेविका रीना देवी का चयन फर्जी कागजात पर होने का आरोप लगाते हुए साहिबगंज डीसी को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है. उक्त आवेदन में उल्लेख है कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 122 विगत आठ वर्षो से बंद है. जिसके कारण गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों को सरकार द्वारा निर्धारित सुविधा जैसे राशन, पोषाहार तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच पूर्ण रूप से बाधित हैं. ग्रामीणों द्वारा जब सेविका से पुछा जाता है तो वह कहती हैं ग्रामीण कुछ नहीं कर सकते सभी को मैनेज कर दिया गया है. वहीं दूसरी ओर ग्रामीण सीता देवी, प्रियांका कुमारी, गौरी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, पिंकी देवी, दिपाली कुमारी, सुरज मंडल, अंकित पासवान, सोनु मंडल, रामदयाल मंडल ने बताया कि सेविका कसवा पंचायत में रहती हैं और आंगनबाड़ी केंद्र सैदपुर पंचायत में स्थित है. हालांकि आंगनबाड़ी भवन की स्थिति जर्जर होने के कारण सेविका श्रवण मंडल के निजी मकान पर आंगनबाड़ी अपने मनमाने ढंग से चलाती है. आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को घर से लाने और ले जाने दायित्व सेविका तथा सहायिका का है. लेकिन सेविका रीना देवी केवल कागज कलम पर अपना आंगनबाड़ी केंद्र चला रही है. विभाग को जर्जर भवन की मरम्मत करवा कर आंगनबाड़ी केंद्र सुचारू रूप से संचालित करवाना चाहिए या नहीं तो गांव के मध्य में हम सभी ग्रामीण निजी मकान देने को तैयार हैं. जहां आंगनबाड़ी चल सके. सेविका रीना देवी ने ग्रामीणों का आरोप को सरासर गलत और बेबुनियाद बताया है. सेविका ने बताया भवन की स्थिति काफी जर्जर है. तथा बाढ़ का पानी भी आ चुका है. इस स्थिति में छोटे बच्चों का उस भवन में पढ़ना काफी खतरनाक है.जिसके कारण मैं अपने पुराने घर पर आंगनबाड़ी प्रत्येक दिन संचालित कर रही हूं.

खेल प्रतिभाओं का जुटान,10 एकलव्य विद्यालयों के बीच मुकाबला शुरू

बरहेट-भोगनाडीह मैदान में सोमवार से संथाल परगना क्लस्टर के 10 एकलव्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड खेल प्रभारी बीपी गुप्ता, सेवा संस्था दुमका की निदेशक सुनीता मुखर्जी, सचिव प्रदीप्त मुखर्जी तथा सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर किया. प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, खो-खो, शतरंज, योग और एथलेटिक्स जैसी स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं. खेल प्रभारी बीपी गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता आदिवासी कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित की गई है. इसका उद्देश्य एकलव्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है.आयोजन को लेकर भोगनाडीह एकलव्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार यादव सहित शिक्षक सक्रिय रहे. प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक भी अपने-अपने छात्र-छात्राओं के साथ मैदान में मौजूद रहे.

कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन ई0–निविदा संख्या–06/2026–27/NREP/Sahibganj

क्र0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	निविदा शुल्क	कार्य समाप्ति की तिथि
1	NREP/ Sahibganj /01/2025-26	Construction of Paver Block and Drain in Different Street of Ward No-22 in Nagar Parisad Sahibganj.	5250289.00	106000.00	10000	03 माह

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 01.10.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–09.10.2026 अपराहन 05.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.10.2026 अपराह्न 3.00 बजे।
4. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5 ग्रामीण कार्य विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज।
7. निविदा संबंधी जानकारी विशेष जानकारी हेतु मोबाइल न०–7870217090 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://www:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज

PR 390627 NREP(26-27)#D

OFFICE OF THE JUDGE-IN-CHARGE, ADMINISTRATION CIVIL COURT, GODDA

NOTICE

DATED 26-09-2026

EXPRESSION OF INTEREST

As directed, view of Letter No. 4208/Apptt dated 25-09-2026 of the Hon'ble High Court of Jharkhand, Ranchi, it is hereby informed all the concerned that in light of the order dated 25-05-2026 passed by the Hon'ble Supreme Court of India in the matter of Miscellaneous Application Nos. 1889-1891 of 2025 in Civil Appeal Nos. 3640-3642 of 2025 titled as "Periyammal (Dead) through Lrs. & Ors. Vs. V. Rajamani & Anr.", the court has been pleased to recommend for establishment of the District Execution Cell in each District for effective and expeditious disposal of execution petitions. The Member Secretary of the cell would be a retired Judicial Officer. Accordingly, the interested and eligible retired judicial officers are requested to express their interest to work as Member Secretary of the District Execution Cell, Godda and submit their applications alongwith with their service details and supportive documents to the office of the undersigned. Their name shall be provided to the Hon'ble High Court of Jharkhand, Ranchi for their nomination by the High Court of Jharkhand, Ranchi.

Name of Post - Member Secretary of the District Execution Cell, Godda

Application shall be submitted in the office of the Judge-in-Charge, Civil Court, Godda.

Last date of appliction - 15th October, 2026

This notice is also available in the official website of Civil Court, Godda.

Sd/-
Judge-in-Charge
Civil Court, Godda

PR 390611 Law (26-27)_D

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा।

गोड्डा अंचल अंतर्गत अवस्थित जलकरों/तालाबों की खुले डाक से बन्दोबस्ती की आम सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **गोड्डा** अंचल के निम्नांकित विवरणी के सैरातों की **बन्दोवस्ती वर्ष–2026–27 से 2028–29 तक के लिए दिनांक– 05.10.2026 को 11:00 पूर्वाहन् से** अधोहस्ताक्षरी द्वारा खुले डाक के माध्यम से **जिला मत्स्य कार्यालय, गोड्डा में** किया जायेगा। इच्छुक मत्स्य कृषक/व्यक्ति खुला डाक में भाग ले सकते हैं। डाक वक्ता को डाक लेने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10% जमानत के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर सभी को जमानत की राशि लौटा दी जायेगी एवं उच्चतम डाक वक्ता के जमानत राशि को बंदोबस्ती राशि में समायोजित कर दी जाएगी, उच्चतम डाक वक्ता को बंदोबस्ती राशि एकमुश्त जमा करना होगा।

खुली डाक से बंदोबस्ती योग्य तालाबों/जलकरों की सूची सुरक्षित जमा राशि सहित निम्नवत् है :–

क्र. सं.	जलकर का नाम	ग्राम	पंचायत	दाग सं0	जलक्षेत्र (एकड़ में)	सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बेलारी पोखर	बेलारी	बेलारी	1081	2.00	7,800.00	
2	बेलारी पोखर	बेलारी	बेलारी	1079	2.00	5,100.00	
3	राज पोखर	कानाडीह	कानाडीह	559	1.50	7,800.00	
4	भूईयाटोला पोखर	बुढ़ीकुरा	बुढ़ीकुरा	1848	5.00	3,800.00	
5	भारतीकित्ता पोखर	भारतीकित्ता	खटनई	382	1.00	3,000.00	
6	कुसमनी बांध	कुसमनी	कुसमनी	595	2.00	3,500.00	
7	ढोलीचक टैंक	ढोलीचक	ढोलीचक	5	2.00	1,500.00	
8	नौखिलदलपत पोखर	नौखिल	ढोढरी	172	1.00	1,850.00	
9	कौआजोर पोखर	कौआजोर	कौआजोर	641/186	1.00	1,600.00	
10	मोहनपुर पोखर	मोहनपुर	मारखन	1000	0.75	1,100.00	
11	पंदाहा पोखर	पंदाहा	पंदाहा	130	1.00	1,300.00	
12	सरकंडा पोखर	सरकंडा	सरकंडा	179	0.50	1,000.00	
13	अमजोड़ा पोखर	अमजोड़ा	अमजोड़ा	364	-	1,700.00	
14	बभनिया टैंक	बभनिया	बभनिया	92	1.50	1,000.00	
15	कुंडादह पोखर	कुंडादह	कुंडादह	116	1.00	2,400.00	
16	डीबा बांध	भारतीकित्ता	खटनई	139	0.50	2,270.00	
17	मुरलीडीह बांध	मुरलीडीह	मुरलीडीह	1114	3.50	2,500.00	
18	निपनिया पोखर	निपनियाँ	निपनियाँ	3192	0.50	1,150.00	
19	सिमरिया पोखर	सिमरिया	सिमरिया	344	1.30	2,500.00	
20	लक्ष्मीपुर बांध	लक्ष्मीपुर	लक्ष्मीपुर	31	1.28	1,600.00	
21	कन्भारा पोखर	कन्भारा	कन्भारा	853	4.00	1,800.00	
22	सिमरा पोखर	सिमरा	सिमरा	349	2.25	2,200.00	
23	कसबा पोखर	कसबा	कसबा	440	1.50	1,500.00	
24	नेपुरा पोखर	नेपुरा	नेपुरा	56	3.00	2,500.00	
25	कैथपुरा	कैथपुरा	कैथपुरा	302,65	1.00	3,600.00	
26	चपरी पोखर	चपरी	चपरी	310	1.25	2,050.00	
27	मालपकड़िया बांध	मालपकड़िया	मालपकड़िया	300	3.00	4,800.00	
28	भतडीहा पोखर	भतडीहा	भतडीहा	47	-	1,000.00	
29	सुंदरमोर गढ़िया	सुंदरमोर	सुंदरमोर	239	2.00	4,900.00	
30	हाहा बांध	दियारा	नेपुरा	469	1.00	2,100.00	
31	सरकंडा पोखर	सरकंडा	भतडीहा	116	0.50	1,000.00	
32	चमरेली पोखर	रामपुर	रामपुर	263	1.50	2,000.00	
33	ढोढ़री बांध	ढोढ़री	ढोढ़री	380	6.25	1,250.00	
34	सिमरा पोखर	सिमरा	सिमरा	343	2.25	2,700.00	
35	बैसाढ़ी पोखर	बैसाढ़ी	नेपुरा	279	0.40	1,000.00	
36	मछिया सिमड्डा पोखर	मछिया सिमड्डा	मछिया सिमड्डा	348	0.60	1,600.00	
37	छोटी कल्याणी बांध	छोटी कल्याणी	छोटी कल्याणी	568	1.15	1,600.00	
38	घाट पकड़िया पोखर	घाट पकड़िया	घाट पकड़िया	270	3.00	1,350.00	
39	गरबना पोखर	गरबना	गरबना	45	1.25	1,800.00	

दिनांक– 05.10.2026 को खुले डाक से जलकर बंदोवस्ती शुरू होने के पूर्व तक यदि प्रखंड स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति उपरवर्णित सूची में से किसी जलकर की बंदोवस्ती लेने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करती है तो उक्त जलकर की बंदोवस्ती नियमानुसार खुले डाक से नहीं होगी, उसकी बंदोवस्ती समिति के प्रस्ताव के अनुरूप समिति के साथ की जाएगी।

दिनांक– 05.10.2026 को सूची के अनुरूप खुले डाक से जलकरों की बंदोबस्ती नहीं होने पर शेष जलकरों के खुले डाक से बंदोबस्ती की पुनः अगली तिथि क्रमशः 06.10.2026 होगी, उक्त जलकरों की बंदोबस्ती अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में गोड्डा अंचल 11:00 बजे पूर्वाहन् से खुले डाक से की जाएगी। शेष जलकरों के खुले डाक से बंदोबस्ती प्रत्येक सप्ताह के दिन– सोमवार एवं मंगलवार को 11:00 बजे पूर्वाहन् से खुले डाक से की जाएगी।

विशेष परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतलाये डाक रद्द अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा।

PR 390608 (Fish) 26-27 (D)

आपनार पा़रसी रो़ड़ रे लाजाक् दो़ जो़तो़ खो़न माराङ भुल काना, चेदाक्‌जे पा़रसी गे आपनार ओनोरोम, नागाम आर आ़रीचा़ली सो़ंगे जोड़ावाकाने दो़हो़ काना : अमित शाह

खोबोरिया

नावां दिल्ली। केंद्रीय गृह आर सहकारिता मंत्री अमित शाह दो़ओ़तेमाहां हिलोक्‌ए मेन केदा जे भारत रेयाक् बेगार-बेगार पा़रसी दो़ कोमजोरी बाङ काना, बिचको़म दिसा़म रेयाक् जो़तो़ खो़न माराङदाड़े आर आ़रीचा़ली तेयाक् पूंजी काना। योग, आयुर्वेद आर भारो़तरेयाक् आ़रीचा़ली दो़ नोआ पा़रसीको दाराय ते गे गोटा विश्व रेपासनाव दाड़ेयाकावादा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह दो़ तेहेञ दिल्ली रे मेनाक् भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) रे ओरामेन हिन्दी पखवाड़ा मुनुचा़त् सेमेलेत्' रे वर्चुअली दाराय ते संदेशे एम एना। नोआका़मीहोरा रेयाक् साताम दो़ 'भारत मेरे दिल में बसता है' ताहेंकाना। मंत्री दो़य मेन केदा जे 'हिन्दी दो़ जाहांटाक् टोठारिया़ पा़रसी रेयाक् हापाराव दो़ बाङ काना, बिचको़म नोआ दो़ भारो़त रेयाक् पा़रसीको ताला रेयाक् जोगाजोग रेयाक् जो़तो़ खो़न केटेच् कड़ी काना। पा़रसी दो़ एकेन गालमाराक् रेयाक् मित् होरा मो़तो़ दो़बाङ काना, बिचको़म सोमाज रेयाक् ओनोरोम आर ओना रेयाक् आत्माय ला़येत् काना।

हिन्दी रेयाक् पुरा़उ ते लाहान्ती दो़ उन रे होयोक्‌आ, तिन दो़ ओना दिसा़म रेयाक् जो़तो़ पा़रसीको मानो़त,जोगाव आर बांचाव तुलुच् लाहा इदिक्‌आ। उनी दो़ जुवा़नको आर ओवारो़सको नोवाय नेहो़रात्‌कोआ जे ओनको दो़ दुनिया़भोर रेयाक् पा़रसीको चेदमा, मेनखान आपनार गो़पा़रसी दो़ आलोको बा़गीयाक्‌मा। आपनार पा़रसी रोड़ रे लाजाक् दो़ जो़तो़ खो़न माराङ भुल काना, चेदाक्‌जे पा़रसी गे आपनार ओनोरोम, नागाम आर आ़रीचा़ली सो़ंगे जोड़ावाकादे दो़हो़ काना।'' नोआ ओ़पसो़र रे सीएंडएसपी सेच् खो़न साहित्य, कला आर चिकित्सा जगत रेन पद्मश्री सांवते 10 गो़टेच् नामडाकिया़को ओनकोवाक् एनेम ला़गित्‌को मानो़त केत्‌कोआ। नोआ रे पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर, पद्मश्री डॉ. रंजना गौहर, पद्मश्री डॉ. जतिन दास, पद्मश्री डॉ. मोहसिन वली आर पद्मश्री वी.एस. मेहता, पद्मश्री डॉ. दिनेश भार्गव, पद्मश्री डॉ. पुरूषोत्तम दधीच (पुरु), पद्मश्री भेरू सिंह चौहान, प्रो. विमलेश कांति वर्मा आर अनिता वर्मा सेलेत् मेनाया।

65 गोटेच् आतोको रेयाक्‌ए सावाँरा ताकदीर मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना ते खेत धा़बिच् सेटेरो़क्‌आ दाक्

दुमका। मसलिया-रानीश्वर मेगा लि ट सिंचाई परियोजना नित दो़ धरातल रे आकार बानावेत् काना, नोआ ते दुमका रेन चा़सीकोवाक् चेहरा रे आसा रेयाक् किरण एभेन आकाना। रानीश्वर प्रखंड रेयाक् बिलकांदी पंचायत रे मेनाक् सिजलबोना प्राथमिक विद्यालय रे उप विकास आयुक्त अनिकेत सचानाक् आ़युर रे चा़सीको सांवते मित् जा़रूड़ानाक् दुपुड़ुप् ओराम एना। नोआ रेयाक् आसो़ल मो़तलो़ब दो़ चा़सीकोवाक् खेत धा़बिच् सेटेरो़क्‌आक् सिंचाई सुबिताको आर परियोजना रेयाक् लाहान्ती ते सीधा़ते बाडाय ओचोको रेयाक् ताहेंकाना। दुपुड़ुप् रे सिंचाई विभाग रेन अधिकारीको दो़ आतो हो़ड़ ला़गित्‌परियोजना रेयाक् दूरगामी लाभको ला़यात्‌कोआ। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान दो़ चा़सीको सांवते गालमाराव तुलुच्‌ए पुसटा़उ केदा जे नोआ परियोजना एहो़बो़क् ते रबी फ़सल ला़गित् दाक् रेयाक् जाहांन ओभाब बाङ ताहेंना। नित चा़सीको आर सेरमा सेच् को़यो़क् ता़गीयबाङ होयोक् ताकोआ। उनी दो़ चासीको पारंपरिक खेती चासाय दायरा खो़न बाहरे ओडोककाते गुहुम आर तुड़ी सांव सांवते नारियाल लेकाननकदी फ़सल चासाय ला़गित् होंए उसकुर केत्‌कोआ, जेमो़न ओनकोवाक् का़उडी हालो़त केटेच् दाड़ेयाक्। गालमाराव ओ़कते आदो़म चासी दो़ प्रशासन सामाङ रे नोआ चिंता़को दो़हो़ केदा जे ओनकोवाक् खेतको धा़बिच् निता़ेक् दो़ पाइपलाइन बाको सेटेर आकावादा। चासाकोवाक्‌नोआ मुसकिलाक् रे तुरा़ंत मो़नेयाक् तुलुच् उप विकास आयुक्त दो़सिंचाई विभाग आर जो़नो़ड़ाव का़मीको एजेसीकोवाक् परियोजना प्रबंधकको ओना जागाह ञेल ओ़नमान आ़गुये बातलावात्‌कोआ। उनीय मेतात्‌कोआ जे जाहांटाक् तकनीकी से जमीनी खामी कारो़न ते जाहांय चासी होड़ नोआ योजना रेयाक् लाभ हाताव खो़न आलोको पा़सुड़ तानागो़क्। बाडायाक् काना जे नोआ जा़रूड़ानाक् परियोजनाको तेरानीश्वर प्रखंड रेयाक् पोनया पंचायत बिलकांदी, गोविंदपुर, वृंदावनीआर बांसकुली रेयाक् जो़तो़कोते 65 गोटेच् आतो रेन चा़सीको सीधा़ ते लाभको ञामा। नोआ दुपुड़ुप् रे चा़सीको दो़ बेबाकी तेआकोवाक् मुसकिलाक् आर सोलहाको एमेना। नोआ दो़ प्रशासन गा़हिर तेय आंजो़म केत्ताकोआ। नोआ ताक रे रानीश्वर प्रखंड विकासपदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, सिंचाई विभाग रेन कार्यपालक आर कनीय अभियंता ग्राम प्रधान आर आयमा चासी हो़ड़को सेलेत् एना।

एमएमडीआर संसोधन रे भ्रमए फायलावेत् काना पो़नो़त सरकार : मधु कोड़ा

खोबोरिया

खूंटी। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा दो़ एमएमडीआर एक्ट रे होयेन संशोधन सुधा़र ला़गित् पो़नो़त सरकार चेतान हो़ड़को ताला भ्रम फायलाव रेयाक् आरो़पे लागाव आकादा। सोमवार हिलोक् खूंटी परिसदनरे खो़बो़रिया़को सा़ँवते गालमाराव तुलुच्‌ए मेन केदा जे संशोधन सुधार पुरा़उ दिसा़म रे खनिज संसाधो़नको रेयाक् सामान आर वैज्ञानिक बेबो़हार आर ओ़नो़रो़ल जोगाव बांचाव धेयान रे दो़हो़ होय आकाना। उनीय मेन केदा जे संशोधन सुधा़र ते पो़नो़त रेयाक् रॉयल्टी, राजस्व आर जुमी बाबो़त आ़धिकार चाबाक् रेयाक् काथा सा़ही बाङ काना। मधु कोड़ा दो़य मेन केदा जे पो़नो़त सरकार दो़राजस्व बाढ़ाव ला़गित् बो़ंदो़ खादानको चा़लू ओचोय आर नीला़म होय चुका़उ खादानको चालाव रे धेयानाक् जा़रूड़कानताया। उनीय दा़बी केदा जे झारखंड रे आयमा कोयला आर लौह अयस्क खादानको नीला़मी तायो़म हों बाको एहो़प् दाड़ेयाकावादा। नोआ रेयाक् उलटा़उ ओड़िशा रे खनन गतिविधिको बाढ़ाव ते पो़नो़त ला़गित् आयमा मात्रा रे राजस्वएञामेत् काना। उनीय मेन केदा जे खनिज दो़ राष्ट्रीय सो़मपुत्ति काना नोआ दोहन माराक् रे पो़नो़त रेयाक् भा़लाई सालाक् ओ़नो़रो़ल बांचाव आर वैज्ञानिक खनन रेयाक् हों धेयान दो़होय जा़रूड़ काना। उनीय मेनकेदा जे झारखंड रे खनिजको रे लागावक्‌कान जा़सती शुल्क कारो़न ते नोण्डेनाक् का़टिच् उद्योगको रे हों असर पाड़ाक् काना। उनी दो़यआरो़प केदा जे लौह अयस्क रेयाक् उसुल दाम कारो़न ते आयमाका़टिच् उद्योग बो़ंदो़ आकाना, नोआ ते रोजगार प्रभावित आकाना।

पूर्व मु यमंत्री दो़ पो़नो़त रे कोयला, लौह अयस्क आर गितिल रेयाक्‌अवैध खनन गेमेर रे हों सरकारे घेराव केदेया। उनी आरो़पे लागाव केदा जे अवैध खनन गेमेर ते जाहां सरकारी राजस्व लो़कसानो़क् कानानो़ते, अवैध खनन गेमेर ते ञामो़क्‌आक् पो़रहो़ दो़ पो़नो़त रेयाक् भ्रष्ट तंत्रकोवाक् जेब खूती रे सेटेरो़क् काना। उनीय मेन केदा जे सरकाराक् अवैध खनन गेमेर रे रोकाव काते वैध खनन बाढ़ाव एमावाक् जा़रूड़ काना। प्रेस वार्ता रे भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार घालो़क् आयमा का़मिया़कोको सेलेत् लेना।

अरगोड़ा रे डिजनीलैंड रेयाक् प्रारूप रे बेनाक्‌आ दुर्गा पूजा पांडाल 14 फीट उसुल होयोक्‌आ मां दुर्गावाक् मुरती

रांची। राजधा़नी रांची रे दुर्गा पूजा ला़गित् जुदा़-जुदा़ पूजासमितिको सेच् खो़न आको़रसो़न आर माराङ पांडालको बेनावको एहो़प्आकादा। नोआ ओ़कते रे अरगोड़ा रे निया़ बो़छो़र पा़तिया़वानको डिजनीलैंड रेयाक् प्रारूप रे बेनावेत्‌कान माराङ पूजा पांडाले आको़रसो़नकोआ। पांडाल बेनाव रे बंगाल खो़न हेच्‌एन कारीगो़लकोजुटा़उ आकाना आर नोआ महलनुमा स्वरूप एमावाक्‌को सापड़ा़वेत् काना।अरगोड़ा दुर्गा पूजा आर रावण दहन समिति रेन अध्यक्ष प्रकाश साहू दो़ सोमवार हिलोक्‌ए ला़ई केदा जे निया़ बो़छो़र पूजा पांडाल रेयाक्‌उसुल पासेच् 50 फीट, ओसार 30 फी आर जेलेञ 40 फीट होयोक्‌आ।पांडाल रेयाक् बाहरी हिसा़ दो़ पोंण्ड रो़ङ ते दो़हो़क्‌आ आरनोआ रेयाक् गुंबद दो़ नीला रो़ङ ते साजाव होयोक्‌आ। पांडाल रेयाक् जुदा़-जुदा़ हिसा़को रे माता दुर्गावाक् झांडा बिद होयोक्‌आ, ओकादो़ नोआ रेयाक् माराङतेत् आरहोंय बाढ़ावा। उनीयला़ई केदा जे पांडाल रेयाक् ताला भाग रे भगवान भोलेनाथआक् मुरतीबानावक्‌आ। पांडाल भितरी महलनुमा आकृति बेनाव होयोक् काना, नोआताला माराङ मंच रे मां दुर्गावाक् मुरती बानावक्‌आ। नोआ बो़छो़र मां दुर्गावाक् मुरती पासेच् 14 फीट उसुल होयोक्‌आ। मुरतीबेक्‌नाविच् नामडाक मूरतीकार जगदीश चंद्र पाल जिमा़ आकावादेया।समिति लेकाते, पुरा़ पूजा़ ओराम आर पांडाल बेनाव रे पासेच् 30 लाख टाका खो़रो़चो़क् आनुमान आकाना। नोआ रे मुटामुटी इरा़ललाख टाका लाइटिंग, 17 लाख टाका रेयाक् बेनाव पांडाल, 3.5 लाख टाका रेयाक् पूजा़ पाठ आर पासेच् 1.5 लाख टाका रेन बेनाव मुरतीरे खारचाक्‌आ। समिति सेच् खो़न पांडाल सांवते मारसाल ते साजाव रे हों खास धेयानाक् काना, जेमो़न ञुहुम सो़मो़य नोआ रेयाक् आको़रसो़न पा़तिया़वानकोय मा़लुङ ओचोको। प्रकाश साहूए ला़ई केदा जे पांडाल बेनाव का़मी दो़ जोरसोर ते चालाक् काना। बंगाल रेनकारीगोल पांडाल रेयाक् रूपको बेनावेत् काना। पूजा़ ओ़कते आयमापा़तिया़वानको सेटेरो़क् अनुमान ञेल तुलुच् समिति सेच् खो़न ओरामो़क् आर एटाक् तेयारी सापड़ा़व हों चालाक् काना। पा़तिया़वानको ञेल कुसी ओचोको ला़गित् समिति सेच् खो़न पंचमी खो़न विजयादशमी धा़बिच् छऊ एनेच् हों ओरामोक्‌आ। दिना़म दिन ञुहुम तुरूई बाजे एहो़बो़क्‌आक् सांस्कृतिक का़मीहो़रा आ़डी ञिन्दा़ धा़बिच् चालाक्‌आ।

एशियन खेल मुक्केबाजी: प्रिया घांघसए तिया़क् केदा सेमीफाइनल पदक जिता़क् पककायेना

आइची.नागोया। भारतीय मुक्केबाज प्रिया घांघस दो़ एशियन गे स-2026 रे मायजिवकोवाक् 60 किग्रा वर्ग रेयाक् क्वार्टरफाइनल रे ताजिकिस्तान रेन मिजगोना समादोवा 5-0 ते हाराव काते सेमीफाइनल रे जागाहय बानाव केदा आर भारत ला़गित् मित् आर पदक जिता़क्‌ए पकका केदा।मुकाबला रेयाक् एतो़हो़प् दो़ नुकिन मुक्केबाज ताला केटेच् ते टकराव सालाक् एहो़प् एना। पा़हिल राउंड रे समादोवा दो़ जजकोवाक् 3-2 रेयाक् फायसाला तेय बाढ़ाव लाहायेना। मो़ड़ें खो़न पेया जज दो़ राउंड समादोवा नाखा रे 10-9 एम केदा आर बारया जज दो़ प्रिया नाखा 10-9 ते जितका़रकिन मानाव केदेया। चाहे, प्रिया दो़ दोसार राउंड तेमो़ंज गेय रूवा़ड़ एना। उनी दो़ दोसार आर तेसार बानार राउंड 5-0तेय आयाक् ञुतुम केदा। जो़तो़ मो़ड़ें जज दो़ बानार राउंड रे प्रिया 10-9 ते बेसता़रको मानाव केदेया। दोसार राउंड रे समादोवा चेतोन होंय ञाम केदा। मुकाबला मुचा़त् रे प्रिया दो़ मो़ड़ें गोटेच्‌जजकोवाक् जो़तो़कोवाक् फायसाला तेय जिता़उ एना। जजकोवाक् मुचा़त्‌स्कोर 29-27, 30-26, 29-27, 30-26 आर 29-27 ताहेंयेना। पा़हिल राउंडरे तायो़मेन तायो़म प्रियावाक् नोआ रूवा़ड़ो़क् दो़ उनी सेमीफाइनलधा़बिच्‌ए इदिकादेया। नोआ जिता़उ सालाक् उनी दो़ एशियन खेल रे भारत ला़गित् मित्‌टेन आर मुक्केबाजी पदक होंए निट आकादा।

ऋण पायसा चुका़उ तायो़म हो़ं खाता खो़न 41 हजार टाकाय काटाव केदा बा़ंड़ती, यस बैंक रूवा़ड़ हाला काताय ला़गित्‌ए ञाम केदा हुकुम

खोबोरिया

पश्चिमी सिंहभूम। व्यक्तिगत ऋष्ठा रेयाक् पुरा़उ पायसा चुका़उ तायो़म हों खाता खो़न बा़ंड़ती पायसा काटाव यस बैंक दो़ आ़डी महंगा पाड़ा़वादेया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, पश्चिमी सिंहभूम दो़ चाईबासा रेयाक् टुंगरी रेन गिरा़बा़सी से उपभोक्ता बिजन कुमार पोद्दाराक् ला़लिस रे बैंक उपा़र रे एकतरफा फैसला आंजो़मायतुलुच् बा़ंड़तीय काटावाकात् 41,384 टाका पायसा रूवा़ड़ कातायरेयाक् हुकुम ओ़तेमाहां हिलोक्‌ए एमादेया। आयोग रेन अध्यक्ष सुनीलकुमार सिंह दो़ बैंक नोआ पायसा रेयाक् ला़लिस ओ़ल राकाप् आकान रेयाक् ता़रीक खो़न वास्तविक भुगतान हा़बिच् 9 प्रतिशत बा़छड़ी सूद एमाय रेयाक् हो़ंय बातलावादेया। मामला लेकाते बिजन कुमार पोद्दार दो़ यस बैंक ठेन खो़न 1,67,536 टाका रेयाक् व्यक्तिगत ऋष्ठो हाताव लेदा। ऋष्ठा रेयाक् चान्दोकिया़ किस्त दो़ 3,964 टाका गोटावाकान ताहेंकाना। ला़लिसिच्‌ए मेनेत्‌कान ताहेंकाना उनी दो़ निट सो़मो़य रे ऋष्ठा रेयाक् जो़तो़ पायसाय एमलेना, मेनखान एनकाते रे हो़ं बैंक दो़ खाता खो़न पायसा काटाव दो़बाय जिरा़उ लेना। उनीयाक् मेन लेकाते बैंक दो़ 885 टाका जाव चान्दो रेयाक् दो़र ते 40 चान्दो हा़बिच् मो़ट 35,400 टाका आर एमानतेयाक् मेसाल काते 5,984 टाका बा़ंड़तीय काटाव केदा। नोडका लेकाउनीयाक् खाता खो़न मो़ट 41,384 टाका बा़ंड़तीको काटाव आकात् ताया। ला़लिसिच् दो़ बैंक ठेन बा़ंड़ती काटाव पायसा रूवा़ड़ सांवते ऋष्ठा खाताबो़ंद रेयाक् अनापत्ति प्रमाणपत्र आर ऋष्ठा बो़ंदो़क् रेयाक् प्रमाणपत्र एमो़क् आर क्रेडिट रिकॉर्ड रे ऋष्ठा रेयाक् सही स्थिति ओ़ल राकाब रेयाक् खोजे दो़हो़ केदा। मामला रे यस बैंक,जमशेदपुर रे मेनाक् कल्याणी एसोसिएट आर बैंक रेयाक् रजिस्टर्ड आर कॉरपोरेट कार्यालय मुंबई दो़ आयोग सेच् खो़न नोटिसेओडोडादे ताहेंकाना। नोटिस रेयाक् तामील होयेन रे हों बैंक सेच्‌खो़न आयोग सामाङ रे बाङ दो़य सेटेर लेना आर आर बाङ दो़ जाहांन लिखित जोबाब से सा़बुत गेय उदुक् लेदा। ओना तायो़म 6 मार्च 2026रेयाक् आदेश रे मामला रेयाक् सुनवाई दो़ बैंक उपा़र रे एकतरफाय आंजो़मादेया।आयोग दो़ आपनार आदेश रेय मेन केदा जे बा़ंड़ती काटावाकात्‌पायसा सही मेतावाक् ला़गित् दो़ बैंक ऋष्ठा समझौता, भुगतान रेयाक् पुरा़उ बानाडाय, शुल्क रेयाक् लेखा बाङखान एमान तेयाक् का़गो़चेउदुक् दाड़ेकेया, मेनखान बैंक सेच् खो़न नोंकानाक् जाहांन सा़बुत गेबाङ उदुक् लेना। ओनका रे बा़ंड़ती पायसा काटाव दो़ ओका सेच् तेगे मो़ंज दो़ बाङ मानाव दाड़ेयाक्‌आ।



आयोग दो़ बैंकाक् नोआ कार्रवाई दो़ सेवा रे ओभाब मेतावाक् तुलुच् उपभोक्ता रावालकाय रेयाक् हुकुमे एम एना। आयोग दो़ बैंक 20 हजार टाका चान्दोकिया़ दुक रेयाक् मुआवजा रूपरे आर 10 हजार टाका दो़ मुकदमा खारचा रूप रे एमाय रेयाक्‌ए बातलावादेया। नोआ छाडा बैंक दो़ बेगो़र बिला़म ते ऋष्ठा रेयाक् अनापत्ति प्रमाणपत्र आर ऋष्ठा बो़ंद रेयाक् प्रमाणपत्र ओडोङ होयोक्ताया। ओना सांवते जोड़ाव क्रेडिट सूचना दो़ कंपनीको रेयाक्‌रिकॉर्ड रे हो़ं ऋष्ठा रेयाक् सही स्थिति ओ़ल राकाब ला़गित् हुकुमे एमादेया।आयोग दो़ बैंक आदेश साकामे ञाम खो़न 45 दिन भितरी ते जो़तो़ बातलाव मानाव ला़गित्‌ए मेतावादेया। निट सो़मो़य रे भुगतान बाय एमाय रे एमो़क्‌आक् पायसा रे 12 प्रतिशत बा़छड़ी सूद लागावाया।

हजारके बो़छो़र मारे उता़र चोलको रेन राजबो़ंसो़को साँव जोड़ाव सो़हो़र समुद्र रे ञामेना

चोलकोवाक् माराङ समुद्री बेपार नेटवर्क आर साम्राज्य रेयाक् गावाहीए एमेत् वैभव

खोबोरिया

खाड़ी रे बार हापता आ़डी गा़हिरतेको खो़जसेंन्दरा केत् तायो़म समुद्र भितरी 200 खो़न खो़न हासा टुकुच्‌कुटरा़को, मारेउता़र बेनावाक् चिता़रको आर खास टॉरपीडो जार सेंन्दरा आकादा। नोआ टॉरपीडो जार, ओकादो़ आ़डी सेदायओ़कते रे फारस रेयाक् खाड़ी रे बेपार नेटवर्क रे हा़ण्डी

नावां दिल्ली। हजारके बो़छो़र तायो़म, भारत रेन मित् आ़डी दाड़ेयान राजबो़ंसो़, चोलको सा़ँवते जोड़ाव मित् पुरा़उ सो़हो़र समुद्र भितरीरे सेंन्दरा ञामाकाना, ओ़को़यदो़ आच्‌रेन माराङ नौसेनावाक् दाड़े़रे सुमात्रा, मलेशिया, थाईलैंड आर कंबोडिया लेकान फाराक फाराकदिसा़म इलाका रेको राजो़क्‌कान ताहेंकाना। नोको राजबो़ंसो़ओ़कादो़ आयाक् कुशल टोठारिया़ सासो़न बेबो़सता, पंचायत आर ग्रामसभाको ला़गित् बाडायो़क्‌कान ताहेंकाना, नित दो़ नोआ चारचा रे मेनाक्‌आ। मीडिया रिपोर्ट लेकाते, तमिलनाडू रेयाक् पुरातत्व विभाग टीम दो़ बंगाल रेयाक् आरएटाक् सामान गेमेर ला़गित्‌को बेबो़हारेत् ताहेंकाना, चोलकोवाक् माराङ समुद्री बेपार नेटवर्क आर ओनकोवाक् साम्राज्य वैभव रेयाक् गावाहीए एमेत् काना। रिपोर्ट लेकाते, पुरातत्वविदको आर भूवैज्ञानिककोवाक् मेन काना जे तेसाराक् शताब्दी ईसा माड़ाङ रेयाक् नोआ किसा़ंड़ नागराहा, भयंकार सुनामी आर समुद्री कटाव दासाव कारो़नते दाक् रे बो़लो़ लातार एना। वनागिरी रेयाक् एर्ल्ईअ मन मुंदिल नोआ रेयाक् पा़रतुल काना, ओकादो़ 1991 धा़बिच्‌तट आड़े रे ताहेंकाना, मेनखान नित दो़ समुद्र रेयाक् 100 मीटरभितरी रे सेन चुका़उ आकाना।

बो़को़ताक् जांगा रा़पुत् एना, मेंत् रे हो़ं बाजाव चिखना़...

बोंगातावाकान सुशांत सिंह रेन मिसएराते शेयर केदा पोस्टमार्टम डिटेल्स

खोबोरिया

गेले बाडायाकादा जे जाहांय हो़ड़सुशांताक् हो़ड़मो़य पोस्टमार्टम लेदा, उनीय ला़ई आकादा जे बंदूक हों़को बेवहार लेदा, उनीयाक् जांगा

मुंबई। बोंगातालावाकान बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत रेन मिसएरात श्वेता सिंह कीर्ति दो़ आपनार बो़को़त कोड़ावाक् पोस्टमार्टम बाबो़त रे आ़डी माराङे दा़बीयाकादा। श्वेतावाक् ला़ई लेकाते, हा़ली रे गे उनी दो़ उनी हो़ड़ सो़ंगेय गालमारावाकाना जाहांय दो़ सुशांताक् मां़ड़ीय पोस्टमार्टम लेदा। उनी दो़य दा़बीयाकादा जेघो़टना रे बंदूक हो़ं बेवहार लेना, सुशांत सो़ंगे आ़डी बा़पुड़िच्‌को बेवहार लेदा, नुना़क् हा़बिच् जे उनीयाक् जांगा हो़ंरा़पुत् आकान ताहेंकाना। सोशल मीडिया रे मित्‌टेन वीडियो मैसेज रेश्वेताय मेन केदा ''आले दो़ हा़ली रे रा़पुत् गे ताहेंकाना आर उनी उपा़र रे आ़डी बा़पुड़िच् बेवहार होय लेना। उनीयाक् मेंत् रे हो़ंबाजाव चिखना़ ताहेंकाना।'' अटलांटा खो़न रूवा़ड़ेन तायो़म उनी सो़ंगे ञापामो़क् हो़ड़ाक् काथा ला़ई तुलुच् श्वेता दो़य ला़ई केदा ''आपे मुद रे साय-साय हो़ड़पे हेच् एना, दुक साहाव दाड़ेपे आ़ड़तीयादेञा आरपे राक् केदा- बो़को़ञ ला़गित्‌पे राक् केदा। आपे जो़तो़ हो़ड़पे आईका़उ केदा जे बो़को़ञ सो़ंगे ओका होयाकाना, ओना दो़ गलत गे ताहेकांना।'' ओनकोको मानाव केदा जे तिन दो़ जाहांय आपनार हो़ड़ सो़ंगे जाहांनाक् बा़पुड़िच् होयोक् काना, ओका लेका बुझा़क्‌आ।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Office of the
General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email –gmtz2dumka@gmail.com

Cancellation Notice

Due to not fulfilling minimum bid requirement **e-NIT No.- 389/PR/JUSNL/26-27** is here cancelled.

PR No. 386287

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
(Transmission Zone-II), Dumka

PR 390634 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27).D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, DUMKA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. RCD/DUMKA/1726 Date – 28.09.2026

1	Name of Work	Day to Day Maintenance & Renovation Work of RCD Cricle Office Dumka, RCD Division Office Dumka, Road Sub-Division No-1&2 Office Dumka, SE(Road) Residential Office Dumka, EE (Road) Residential Office Dumka, AE-1 Residence Dumka, I.B Dumka, I.B Ranishwar, I.B Hansdiha, I.B Gopikander & I.B Basukinath under Road Division, Dumka Non Plan Head for the year 2026-27.
2	Estimated cost(In Rs)	Rs 1,95,00,000.00
3	Time of completion	One Years
4	Date of Publication of Tender on Website	13.10.2026 at 10.30 AM
5	Last date/Time for receipt of bids	27.10.2026 Up to 12.00 Noon
6	Date of opening of Tender	28.10.2026 at 12.30 PM
7	Name & address of office Inviting tender	Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka.
8	Contact no. of Procurement Officer	8252424164
9	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka

PR 390662 Road(26-27)#D

दुमका समाहरणालय जिला भू–अर्जन शाखा

समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–2064/जि0भू0अ0 **दुमका, दिनांक–26.09.2026**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, दुमका को यह प्रतित होता है कि मौजा–**तारादह**, थाना सं0–**09**, थाना–**रानेश्वर**, अंचल–**रानेश्वर**, जिला–**दुमका** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **रानीबहाल–बलिराम शहरघाटी भाया रंगलिया–रानेश्वर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। विधि(विधान) विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–49/लेज0 दिनांक–26.06.2018 जो झारखण्ड गजट के असाधारण अंक में दिनांक–29.06.2018 को प्रकाशित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार(झारखण्ड संशोधन) अधिनियम 2017 द्वारा प्रस्तावित परियोजना को भूमि अर्जन अधिनियम के अध्याय–2 और अध्याय–3 के उपबंधो के लागू किये जाने से मुक्त है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–**तारादह**, थाना सं0–**09**, थाना–**रानेश्वर**, अंचल–**रानेश्वर**, जिला–**दुमका** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.345 एकड़** या **0.139 हेक्टेयर** या **01 बीघा 00 कट्ठा 17 धूर** मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

क्र. स.	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	18	72	ज0 रै0	धानी सेम	0.036	गोलोय किस्कु पिता–स्व0 होपना किस्कु वो मिषिल किस्कु पिता–स्व0 लुबीन किस्कु वो जीतु किस्कु पिता–स्व0 गुपीन किस्कु वो सुनीलाल किस्कु वो रूबीलाल किस्कु पिता–स्व0 रघु किस्कु।	72	74	रोड	73
2	18	62	ज0 रै0	धानी सेम	0.026		61	63	रोड	64
3	18	71	ज0 रै0	धानी सेम	0.019	गोलोय किस्कु पिता–स्व0 होपना किस्कु वो मिषिल किस्कु पिता–स्व0 लुबीन किस्कु वो जीतु किस्कु पिता–स्व0 गुपीन किस्कु।	70	72	रोड	67
4	18	63	ज0 रै0	धानी सेम	0.042		62	रोड	रोड	70
5	12	56	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.021	मुंशी सोरेन पिता–स्व0 गणेश सोरेन वो मुंशी सोरेन पिता–स्व0 खेला सोरेन वो मंगल सोरेन पिता–स्व0 हादु सोरेन वो मनोज सोरेन पिता–स्व0 धनीराम सोरेन।		57	54	रोड
6	02	61	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.201	अलबिनुस हेम्ब्रम पिता–बेंचामिन हेम्ब्रम वो रमेश बास्की पिता–स्व0 जीसु बास्की वो मुरली बास्की पिता–स्व0 सुकु बास्की वो षिबु बास्की वो होपना बास्की पिता–स्व0 भुण्डा बास्की वो राजेन बास्की वो लखन बास्की पिता–स्व0 महाशय बास्की।				64
				कुल रकवा –	0.345					

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013(अधिनियम संख्या–30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ(60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 390674 (Land Reforms)26-27*D

ह0/–उपायुक्त,दुमका

राजनीति पार्ट टाइम जॉब नहीं है : डॉ प्रदीप वर्मा

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ,सांसद व यूपी के सह प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा से संताल एक्सप्रेस के प्रधान संपादक अशोक कुमार की खास व लंबी बातचीत

- राजनीति कोई पार्ट टाइम जॉब नहीं है।
- संघ के पदाधिकारियों को आप तभी प्रभावित कर पायेंगे जब आप संघ की दैनिक शाखाओं में जाएंगे।
- भले आप मंत्री, विधायक व सांसद बन जाएं लेकिन यदि आपके गृह राज्य में आपकी सरकार नहीं है तो आपकी कोई पूछ नहीं है।
- हमारा लक्ष्य और प्राथमिकता झारखंड में संगठन को मजबूत कर यहां भाजपा की सरकार बनानी है ।
- भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली रघुवर दास की सरकार में अरविंद मिल और ओरिएंट क्राफ्ट जैसे उद्योग रांची में लगे ,वे हेमंत सरकार के सात वर्षों की सरकार में बंदी के कगार पर हैं।
- सीएनटी और एसपीटी एक्ट होते हुए भी झारखंड में आदिवासियों की जमीन सुरक्षित नहीं रह सकी।
- रघुवर सरकार की बनाई नीतियों के कारण ही आज झारखंड में 15 निजी विवि खुले हैं जिसमें यहां के हजारों लोगों को रोजगार मिला है।

प्रश्नः आप संघ के कार्यकर्ता थे।आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति की नहीं थी। फिर भी आपका भाजपा की राजनीति में कब और कैसे आना हुआ।

उत्तर : उन दिनों में सामाजिक कार्यों में लगा था। सरला बिरला के इस कैंपस में पहले महादेवी वर्मा टीबी सेनिटोरियम चलता था। मैं उसका संचालक था। उस समय झारखंड अलग राज्य का आंदोलन तेजी से चल रहा था। हमलोग भी अलग राज्य के लिए आंदोलन चला रहे थे। उस समय धर्मांतरण एक बड़ा मुद्दा था। सैकड़ों घरों में धर्मवापसी का काम मैंने कराया। यह सच है कि हमारी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति की नहीं थी लेकिन कोलकाता में मेरे पिताजी एक फैक्टरी में काम करते थे और बीएमएस के सक्रिय नेता थे। घर में नेताओं का आनाजाना होता रहता था। इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। 2009 में मुझे भाजपा में शामिल होकर काम करने का मौका मिला। भाजपा के कार्यक्रमों व बड़े नेताओं की रैलियों में भोजन का काम मेरे जिम्मा होता था। 2015 पार्टी में डिजिटल सदस्यता शुरू हुई तो मुझे झारखंड का सदस्यता प्रभारी बनाया गया।42लाख सदस्य बने। इस तरह भाजपा में मैं सक्रिय होता चला गया। जो भी जिम्मेवारी मुझे मिली उसका निष्ठा से पूरा किया। मेरा मानना है कि राजनीति कोई पार्ट टाइम जॉब नहीं है। इसमें दिन रात काम करना होता है तभी आपकी पहचान बनती है।

प्रश्नः भाजपा में कई पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्हें इतनी जल्दी सफलता नहीं मिलती है जितनी जल्दी आपको मिली। आप सीधे प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य पार्टी पदाधिकारी बनकर राज्यसभा तक पहुंच गए जब कि आपसे सीनियर कई नेता अभी लाइन में लगे हैं। इस बात की चर्चा तेज है कि भाजपा में गणेश परिक्रमा करनेवाले को सफलता जल्द मिल जाती है। इसमें कितनी सच्चाई है?

उत्तर : मैं आपके इस सवाल से सहमत नहीं हूं कि पार्टी में गणेश परिक्रमा करनेवाले नेता को सफलता मिलती है। हमारी पार्टी में समर्पित भाव से काम करनेवाले को उसकी क्षमता के अनुसार पद और दायित्व दिया जाता है। पार्टी से हजारों और लाखों कार्यकर्ता जुड़े हैं। यह विश्व की सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। मैंने कभी किसी नेता की गणेश परिक्रमा नहीं की। दिल्ली पार्टी मुख्यालय भी मैं कभी कभार ही जाता रहा हूं।

प्रश्नः आरोप हे कि आप संघ के पदाधिकारियों को येन केन प्रकारेण प्रभावित कर पार्टी में आगे बढ़ते चले गए और आज इस मुकाम तक पहुंचने में सफल रहे हैं?

उत्तर : यह आरोप गलत है। आप संघ के पदाधिकारियों को तभी प्रभावित कर सकते हैं जब आप संघ की शाखाओं में नियमित रूप से जा रहे हों। संघ के पदाधिकारियों को प्रभावित करने का और दूसरा कोई उपाय नहीं है।

प्रश्नः आप लंबे समय तक प्रदेश भाजपा में संगठन में पदाधिकारी रहे हैं। इसकी क्या वजह रही कि पार्टी 2019 और 2024 में विधानसभा चुनाव में सीटें हारती चली गयी खासकर आदिवासी सीटें?

उत्तर : चुनाव की जीत हार के कई कारण होते हैं। चुनाव में जीत हार से आप किसी पार्टी के कमजोर व मजबूत होने का आकलन नहीं कर सकते हैं। झामुमो का खासकर संताल परगना में वैसा संगठनात्मक ढांचा नहीं है जैसा की भाजपा का है फिर भी वे चुनाव जीतते हैं । इसका कारण यह है कि चुनाव के ठीक पहले वे अफवाह फैलाकर ग्रामीण मतदाताओं को खासकर आदिवासियों को प्रभावित करने में सफल हो जाते हैं उदाहरण के तौर पर जब हमारी रघुवर दास की बहुमत की सरकार ने स्थानी नीति बनायी तो झामुमो ने यह अफवाह फैलायी कि जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी। इससे आदिवासी उनके झांसे में आ गए और भाजपा को नुकसान हुआ।

प्रश्नः क्या कारण है कि झारखंड में आदिवासी भाजपा से दूर हो गए हैं जिसके कारण विगत दोनों चुनाव में भाजपा की आदिवासी सीटें घटती चली गयी है। इसके लिए नेतृत्व जिम्मेवार है या और कोई कारण है?

उत्तर : आपका यह सवाल सही नहीं है कि झारखंड में भाजपा से आदिवासी दूर हो गए हैं। मैं फिर यही कहूंगा कि चुनाव की जीत हार से किसी पार्टी की संगठनात्मक क्षमता का आकलन नही किया जा सकता है। सीटें घटने के लिए नेतृत्व को भी जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता है। आदिवासी समाज के पढ़े लिखे लोग आज भी भाजपा की रघुवर सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए किए गए कार्यों को याद करते हैं। चुनाव के समय झामुमो के एजेंट किस तरह गांवों में जाकर मतदाताओं को नोटों की थैली व प्रलोभन देकर प्रभावित करते हैं यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है। भाजपा ऐसा नहीं करती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शायद ही कभी अपने क्षेत्र में जाते हैं। क्या आपने कभी देखा है हेमंत सोरेन को अपने क्षेत्र में जाते हुए?

प्रश्न : हमने हेमंत सोरेन को कई बार अपने क्षेत्र में जाते हुए और आम लोगों की समस्याएं सुनते हुए मैंने देखा है।

उत्तरः कभी कभार ही ऐसा होता होगा। हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि पंकज मिश्रा पूरे संताल परगना में एक गिरोह चलाते हैं। साहिबगंज और पाकुड़ का अच्छी क्वालिटी का पत्थर , बालू और कोयला की अवैध तस्करी हो रही है।

प्रश्न : संताल परगना में विधानसभा की 18 और लोकसभा की तीन सीटें हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में आपकी पार्टी ने मात्र एक एक सीट ही जीत पायी। जबकि उसके पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दो सीटें और विधानसभा में आठ सीटें जीती थी । उन दिनों आप संताल परगना के प्रभारी हुआ करते थे। आपके प्रभारी से हटते ही वहां सीटे कैसे घट गयी?

उत्तर : इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पहले कांग्रेस, जेएमएम और राजद अलग अलग चुनाव लड़ती थी लेकिन पिछले चुनाव में इन दलों ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा जिसका फायदा उसे हुआ। हमारी पार्टी में इस तरह का मजबूत गठबंधन नहीं बन सका।

प्रश्न : आपकी पार्टी ने भी एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था। जदयू और आजसू आपके साथ थे।

उत्तर : संताल परगना में हमारा गठबंधन मजबूत साबित नहीं हो सका।

प्रश्न : रांची के सीटिंग कैंडिडेट संजय सेठ का आप टिकट कटवा कर स्वयं टिकट लेना चाह रहे थे लेकिन संजय सेठ ने पुनः टिकट पाकर आपको पटकनी दे डाली।

उत्तर : राजनीति में सक्रिय हर व्यक्ति की चुनाव लड़ने की इच्छा होती है। मैं इसका अपवाद नहीं हूं। पार्टी की मर्यादा में रहकर मैं टिकट चाह रहा था। मैंने पार्टी की मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया ।

प्रश्न : पार्टी सूत्रों का कहना है कि अगले मंत्रिमडल विस्तार में आपकों केंन्द्र में मंत्री बनाया जा सकता है।

उत्तर : मंत्री बनने की मेरी कोई इच्छा नहीं है। मैंने केन्द्रीय नेतृत्व को अपनी इच्छा से अवगत करा दिया है। मैं शुरू से संगठन का आदमी रहा हूं। संगठन के कामों में मेरी रूचि है। अगे भी मैं संगठन में ही रहना चाहता हूं।

प्रश्न : भाजपा की पूर्ण बहुमत की रघुवर दास की सरकार पांच साल रही लेकिन राज्य का औद्योगिक विकास नहीं हो सका।

उत्तर : उनकी सरकार के प्रयास से यहां अरविंद मिल और ओरिएंट क्राफ्ट जैसे उद्योग रांची में लगे। हजारों लोगों को रोजगार मिला। पहले तीन निजी विश्वविद्यालय थे आज रघुवर सरकार द्वारा बनायी गयी नीतियों के कारण 15 निजी विवि खोले गए और हजारों लोगों को रोजगार मिला लेकिन हेमंत सरकार के सात साल के शासन में दोनों उद्योग लगभग बंद हो चुके हैं।

प्रश्न : भाजपा में केन्द्रीय दायित्व मिलने के बाद क्या आप झारखंड में संगठन की बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे या फिर पूरा देश आपका कर्म क्षेत्र रहेगा?

उत्तर : मैं अपने गृह राज्य झारखंड में काम करना चाहूंगा ताकि यहां अगले चुनाव में भाजपा की सरकार बन सके।

प्रश्न : झारखंड में कुर्मी जाति के वोटर अधिकर भाजपा के समर्थक माने जाते हैं लेकिन भाजपा में एक भी ऐसा कुर्मी चेहरा नही है जो भाजपा को पूरे प्रदेश में नेतृत्व दे सके?

उत्तर : देखिए, मैं शुरू से जातिवाद की राजनीति का विरोधी रहा हूं। मेरा ऐसा मानना है कि जाति व वर्ग विशेष के बल पर कोई भी राजनीतिक दल अपना व्यापक जनाधार नहीं बना सकती है। भाजपा जातिवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती है।

(पूरा इंटरव्यू यूटूब्य चैनल पर देखें)

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686